www.vijaymat.com

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

रायपुर, रविवार, 22 जून 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 168 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-

आइए, हम सब मिलकर योग को एक जन आंदोलन बनाएं। एक ऐसा आंदोलन, जो विश्व को शांति, स्वास्थ्य और समरसता की ओर ले जाए। जहां हर व्यक्ति दिन की शुरुआत योग से करे और जीवन में संतुलन पाए। जहां हर समाज योग से जुड़े और तनाव से मुक्त हो। जहां योग मानवता को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बने। और जहां "योगा फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ" एक वैश्विक संकल्प बन जाए।

▶▶ नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री











'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए' योग की थीम पर मना 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# मैं से हम की यात्रा ही योग का आधार है : पीएम मोदी

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग अब भारत की सीमाओं से बहुत आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा, 'चाहे सिडनी ओपेरा हाउस हो, एवरेस्ट की चोटियां हों या समंदर की लहरें, हर जगह से यही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र में 21 जून को योग दिवस के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव रखा, तो मात्र कुछ ही समय में 175 देशों ने इसका समर्थन किया। आज 11 साल बाद, योग दुनिया के करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है।आज 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है और इस मौके पर दुनिया भर में लोग योगाभ्यास किया। इसी कड़ी में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में विशाल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व किया। योगांध्र 2025 में प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि दुनिया भर में तनाव और अशांति के इस दौर में योग 'पॉज बटन' है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग को आत्म-अनुशासन से आगे एक सामाजिक चेतना बताया। उन्होंने कहा, 'योग 'मी टू वी' की ओर यात्रा है। जब व्यक्ति खुद से ऊपर उठकर समाज की भलाई के बारे में सोचता है, तभी पूरी मानवता का कल्याण संभव है। पीएम मोदी ने यहां खास तौर रूप से खास तौर से दिव्यांगों, युवाओं और वैज्ञानिकों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं। जो आज ब्रेल में योग पढ़ते हैं, अंतरिक्ष में योग करते हैं और गांव-गांव में योग ओलंपियाड में भाग लेते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया योगाभ्यासः जशपुर के रणजीता स्टेडियम में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को दिलाई वैश्विक पहचान, स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं दिनचर्या का अभिन्न अंगः मुख्यमंत्री साय

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को जशपुर जिला मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग कोई नई पद्धति नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे ऋषि-मुनियों ने विकसित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज 175 से अधिक देशों में योग की गूंज सुनाई देती है। मुख्यमंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने चक्रासन, अर्धचक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, वज्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर



पूर्व सांसद रणविजय सिंह जूदेव, पद्मश्री जागेश्वर राम यादव, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, माटीकला बोर्ड अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, सन्निर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र और योग संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि योग सभी के लिए समान रूप से लाभकारी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य है, जो मानव और पृथ्वी के परस्पर संबंध को दर्शाती है। इस वर्ष का योग हरित योग पर आधारित है, जिसके तहत अधिक से अधिक पौधरोपण का संदेश दिया जा रहा है। योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा ने कहा कि जशपुर की वादियां अत्यंत सुंदर हैं और योग के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। यहां की चाय, काजू और नाशपाती जैसी फसलें इसे और विशेष बनाती हैं। उन्होंने कहा कि योग कोई पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली है, जिसे निरंतर अभ्यास से आत्मसात किया जा सकता है।

### योग से बच्चों का मन शांत होता हैः साय

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दिन के 24 घंटों में से कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालें। इससे न केवल गंभीर बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि भविष्य में रोग होने की संभावना भी कम होती है। उन्होंने जेनेरिक दवाओं के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ये दवाएं प्रभावी, सुलभ और किफायती हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों की बड़ी संख्या में भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि योग से बच्चों का मन शांत होता है और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित होता है।

### नालंदा परिसर सहित 108 करोड़ रुपये के कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया। 11.29 करोड़ रुपये की लागत से 2 एकड़ में बनने वाले इस परिसर में 500 विद्यार्थी एक साथ अध्ययन कर सकेंगे। परिसर में एक आकर्षक उद्यान भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। आज ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र भी जागरूक होकर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसलिए राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालयों और बड़े शहरों में नालंदा परिसर स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कुल 107.81 करोड़ रुपये के 64 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें जशपुर विधानसभा क्षेत्र में 61.20 करोड़ रुपये के 85 कार्यों का भूमिपूजन और 15.80 करोड़ रुपये के 6 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार, कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के फरसाबहार विकासखंड में 24.90 करोड़ रुपये के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 5.91 करोड़ रुपये के 4 कार्यों का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु शुरू हो चुकी है, जो पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। कार्यक्रम में योग आयोग के प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सीएम नीतीश के लीडरशीप में चुनाव लड़ेगी भाजपाः गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बिहार विधानसभा चुनाव के ऐलान में भले ही अभी तीन महीने से ज्यादा का समय बचा हुआ है, लेकिन सभी दल अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री के एक बयान दिया है, जिससे एनडीए खासकर जेडीयू को काफी राहत मिली है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दे रहे थे। इसी दौरान एंकर ने उनसे बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर एक सवाल किया। इस पर गृह मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि बीजेपी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ने जा रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी 20 जून को बिहार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की। एक इंटरव्यू में गृह मंत्री अमित शाह से जब पूछा गया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव का मुद्दा विकास रहेगा या जाति? इस पर गृह मंत्री ने जवाब दिया कि चुनाव के मुद्दे हमेशा जनता तय करती है।



## सोनिया गांधी बोलीं-ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए।

## पोलिंग सेंटर की फुटेज सार्वजनिक नहीं कर सकते, इससे वोटर को खतरा : ईसी

### राहुल बोले- जिससे जवाब चाहिए, वो सबूत मिटा रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं। आयोग ने कहा- सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है।



इससे पहले शनिवार दोपहर राहुल गांधी ने अपनी- पोस्ट में लिखा- वोटर लिस्ट, फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था - वही सबूत मिटा रहा है। साफ दिख रहा है- मैच फिक्स है, और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है।

## ऑपरेशन सिंधु : ईरान से 2 बैच में 407 भारतीय लौटे

### वन्दे मातरम् के नारों से गूंजा एयरपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान और इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत शुक्रवार देर रात 290 भारतीय नागरिक दिल्ली लौटे। इनमें से ज्यादातर कश्मीर के छात्र हैं। इसके अलावा कुछ यात्री दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अब तक 517 भारतीय नेशनल स्वदेश लौट चुके हैं। शुक्रवार देर रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे। देर रात 10ः30 बजे की फ्लाइट में



190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 और देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। इससे पहले 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। एक और फ्लाइट शनिवार शाम तक आ सकती है।

**विजय मत एंकर**

आईडीएफ बोला- 3 कमांडर भी मारे, दावा- सुप्रीम लीडर खामेनेई ने 3 संभावित उत्तराधिकारी चुने

## इजरायली हमले में एक और ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत शुक्रवार को तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का आज 9वां दिन है। इजराइल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों



को भी मारने का दावा किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है। संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं हैं।

### ईरान में 13 जून से अब तक 657, इजराइल में 24 की मौत

अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिक के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं।

### फ्रांस ने ईरान से अपने दो नागरिकों की रिहाई की मांग की

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बात की। मैक्रों ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि ईरानी राष्ट्रपति ने उन्हें फोन किया था। इस दौरान उन्होंने ईरान से फ्रांस के दो नागरिकों की रिहाई की मांग की। मैक्रों ने कहा, मैंने सेसिल कोहलर और जैक्स पेरिस को रिहा करने की मांग की है। उनकी अमानवीय हिरासत गलत है। मैं उनसे फ्रांस लौटने की उम्मीद करता हूं।

अहमदाबाद हादसा | एअर इंडिया के 3 अफसरों को हटाने का आदेश

## डीजीसीए ने एयरलाइन से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी, हादसे में 270 मौतें हुई थीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के



गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया।

### डीजीसीए ने यह निर्देश भी दिए

एअर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए। इन अधिकारियों के खिलाफ इंटर डिसिप्लिनरी एक्शन तुरंत शुरू करे। 10 दिन में डीजीसीए को रिपोर्ट दे। इन अधिकारियों को जब तक सुधारात्मक प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक नॉन-ऑपरेशनल पदों पर ट्रांसफर किया जाए।

कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ़ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

विधासभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का किया वितरण

# वनवासियों के पैरों को चोट से बचाने चरण पादुका योजना उपयोगी: डॉ. रमन

**विजय मत, राजनांदगांव**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अपने निवास कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।

विधासभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से गरीब एवं जरूरतमंद वर्गो के मेहनतकश लोगों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने कहा कि वनवासियों द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ में होता है। वनवासियों के पैरों में कंकड़-पत्थर और कांटे न चुभे, उनके पैरों को चोट से बचाने और उनका जीवन स्वस्थ रखने के लिए चरण पादुका योजना शुरू की गई है। वनवासियों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने तेन्दूपत्ता के लिए 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा में वृद्धि कर 5 हजार 500 रूपए प्रति मानक बोरा किया है। इससे आर्थिक रूप से वनवासियों और वनवासी समितियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में 18 हजार 332 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 10 करोड़ 70 लाख रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री



श्री विष्णुदेव साय ने पूरे छत्तीसगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी शुरू किया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए वृक्ष की आवश्यकता है। प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में लक्ष्य निर्धारित कर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाएगा। वनमंडलाधिकार आयुष जैन ने कहा कि जिले में 18 प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति है। जिनके द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया जाता है। जिसमें से 19 हजार 645 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया गया है। वर्ष 2025 में 18 हजार 332 संग्राहकों को 10 करोड़ 70 लाख रूपए का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, श्री कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

## सार समाचार

### कोरोना से संक्रमित मरीज की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**राजनांदगांव** । कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने



राजनांदगांव शहर के लखोली वार्ड में कोरोना से संक्रमित मरीज की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लखोली वार्ड में डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली जा रही है। साथ ही सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों का सेम्पल भी लिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. बीएल तुलावी, डॉ. सतीश मेश्राम, अखिलेश नारायण, कौशल शर्मा, रेणुका बत्रा, चन्द्रमणि चंदेल शामिल थे।

### नाली के उपर किए गए अवैध अतिक्रमण को निगम ने हटाया

**भिलाईनगर**। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत नाली के उपर अवैध अतिक्रमण को निगम ने हटाया। वार्ड क्रं 30 प्रगति नगर 18 नम्बर रोड क्षेत्र में 35 लोगो द्वारा नाली के उपर स्लैब डालकर अवैध कब्जा किया गया था। जिससे नाली के पानी का निकासी ठीक तरह से नहीं हो रहा था और बरसात का पानी रोड में जमा हो रहा था। निगम के सफाई कर्मियों को भी नाली सफाई करने में परेशानी आ रही थी और आम नागरिको का शिकायत था। संबंधितो को स्वयं से कब्जा हटाने निगम द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था, किन्तु कब्जाधारियों द्वारा अतिक्रमित कब्जा नहीं हटाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन आयुक्त सतीश यादव एवं सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किए है कि स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करें। आदेश के परिपालन में जोन 03 के राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने नालियों के उपर से अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई एवं तोड़फोड़ से निकले मलवे को निगम के वाहन से हटाया गया।

### ये कैसा सुशासन रेत, मुरूम और शराब माफियाओं का आतंक-पिंटू

**राजनांदगांव**। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में रेत, शराब माफियाओं, गांजा तस्कर, गौ तस्करों को सरकर का सीधा संरक्षण दिखाई देता है। प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है, जिसमें भाजपा नेताओं की संलिप्त के मामले भी आ रहे हैं, लेकिन प्रदेश सरकार कार्रवाई करना छोड़ खनिज और शराब माफियाओं को बचाने में जोर लगा रही है। निचले स्तर के लोगों पर कार्रवाई कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और मुख्य सरगना को पकडने में पुलिस, प्रशासन और शासन के हाथ कांप रहे हैं। श्री पिंटू ने कहा है कि राजनांदगांव के मोहड़ वार्ड में हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने अब तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है, क्योंकि उसके भाजपा से जुड़े होने की जानकारी सामने आ रही है। गोली चलाने वाले को पकड़ा गया है, लेकिन गोली चलवाने वाले सरगना को किसका संरक्षण मिल रहा है? यह बड़ा सवाल है।

### अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने वाले को कारावास

**राजनांदगांव**। बोरतलाव थाना क्षेत्र में एक युवती का अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने के मामले में विशेष न्यायाधीश राजनांदगांव प्रवीण कुमार प्रधान के द्वारा फैसला सुनाते हुए अभियुक्त के विरुद्ध आरोप साबित पाये जाने पर अभियुक्त बन्नूराम सिन्हा पिता नेतराम सिन्हा 30 वर्ष निवासी मुडिया, थाना सुरेगाँव, जिला बालोद को धारा 67 क सूचना प्राद्योगिकी अधिनियम, 2000 (आई.टी. एक्ट) के आरोप में एक वर्ष का कठोर कारावास की सजा तथा 5000 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किये जाने का आदेश पारित किया गया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर अभियुक्त को पचास दिन का साधारण कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (एक्ट्रोसिटी) राजनांदगाँव जी.डी. वैष्णव ने बताया कि पीड़िता और अभियुक्त बन्नूराम सिन्हा एक साथ काम करते थे तथा एक-दूसरे को पसंद करते थे। पीड़िता ने अभियुक्त को शादी करने के लिये कहा, जिस पर अभियुक्त ने मना कर दिया और वर्ष 2020 में अपने समाज की लडकी से शादी कर लिया।

# पानी को साफ तथा वाणी को संयम रखना जरूरी है: प्रदीप मिश्रा

**विजय मत, बालोद**

निकुम में चल रहे शिव महापुराण की कथा में तीसरे दिन प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने पानी तथा वाणी का महत्व बताते हुए कहा कि हमें साफ सुथरे स्वच्छ पानी पीना चाहिए जिससे हमारे शरीर स्वस्थ रहे। जहां गंदा पानी होता है उसे नहीं पीते उसे स्वच्छ होने का इंतजार करते हैं और साफ होने पर उसे ग्रहण करते हैं। उसी तरह हमे अपने वाणी पर भी लगाम रखना चाहिए हमे किसी के दिल में चुभने वाली बाते नहीं करनी चाहिए। जिस घर में पानी स्वच्छ तथा वाणी मिठास हो वहीं भगवान का वास होता है। इसलिए आए हुए अतिथियों को पानी तथा वाणी मिठास देवे मंच पर जैसे ही शंकर पार्वती तथा गणेश की झांकी आई दर्शकों ने तालियों की गढ़ गड़ाहट की से अभिवादन किया।

कथा के दौरान बीच बीच में भजनों में पूरा पंडाल झूम उठता है। संगीत मय भजनों में लोग स्वमेव अपनी जगह पर खड़े होकर नाचने व झूमने लगते हैं। परिवार सहित सामूहिक रूप से भी लोग झूमते रहे। जय महाकाल परिवार एवं समस्त ग्राम वासी निकुम के संयुक्त तत्वाधान में संयोजक रूपेश देशमुख , पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री रमशिला साहू, पूर्व विधायक दया राम साहू, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत बालोद सदस्य गुलशन चंद्राकर आदि कथा पंडाल में कथा श्रवण किए।

प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण की कथा 23 जून तक चलेगी



### श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था

कथा के आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। 12 बजे तक सभी को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है उसके बाद लोग पंडाल में आकर आराम से कथा सुन रहे हैं। यहां पर जन सामान्य के लिए अनेक गेट बनाए गए हैं जहां से लोग आराम से पंडाल में प्रवेश कर रहे हैं। पास वालों के लिए भी अलग से प्रवेश द्वार बनाया गया है, सभी लोगों के लिए मुख्य द्वार पर लगातार अनाउंस किया जाता है। लाखों लोगों के पंडाल में आने के बाद भी कहीं भी अव्यवस्था नहीं रही।

# बसदेई पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**विजय मत, बसदेई**

डीआईजी, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के निदेर्शानुसार चौकी बसदेई टीम के द्वारा नशा मुक्ति भारत पखवाड़ा अंतर्गत जनजागरूकता रैली बसदेई, लोधीमा, मसिरा सहित चौकी क्षेत्र के अन्य ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया।

बसदेई पुलिस द्वारा आम ग्रामीणजन को नशे के प्रति जागरूक किया गया मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस की इस मुहिम के बारे में अवगत कराया। किस प्रकार आज साइबर अपराध बढ़ रहा है उसके खतरे, बचाव के उपाय और यातायात नियमों का पालन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से ₹नशा मुक्त भारत पखवाड़ा₹ अभियान के तहत नशा न करने, न करने देने नशे की बुराई से लोगों को अवगत कराने और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अन्य स्थानों पर आयोजित अभियान में उपस्थित लोगों को नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी बसदेई मनोज द्विवेदी ने कहा कि अवैध मादक पदार्थो के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी को रोकने हेतु आम जनता को जागरूक करना है, इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ₹नशा मुक्त भारत पखवाड़ा₹ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीमें लगातार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को नशीले दावों के दुष्प्रभाव एवं अवैध तस्करी के संबंध में जागरूक करने मजबूती से कार्य कर रही है। नशे की लत लोगों के लिए बेहद खतरनाक है। नशा समाज को भीतर से कमजोर करता है और युवा पीढ़ी को गुमराह कर देता है।

# वार्ड नं. 23 में 46 लाख रुपए की लागत से बनेगा नाली, नाला व रोड

**विजय मत, राजनांदगांव**

महापौर मधुसूदन यादव ने आज वार्ड नं. 23 में रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभात नगर में बारिश के समय पानी भरान की स्थिति निर्मित होती है, जिससे निजात दिलाने नाला निर्माण हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया।

जिस पर शासन ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 31 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की, स्वीकृति अनुसार प्रभात नगर में नाला निर्माण के लिए आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जायेगा जिससे यहा के निवासियों को पानी भरान की स्थिति से निजात मिलेगी। इसी प्रकार वार्डो में विकास कार्य के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया। प्रस्ताव पर शासन स्वीकृति प्राप्त हुई, अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति के तारतम्य में वार्ड नं. 23 के लिए स्वीकृत राशि 15 लाख रुपए से सिंधी कालोनी में सीमेंटिकरण व नाली निर्माण के लिए भी आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी वार्डो में पार्षद की मांग अनुसार प्राथमिकता तय कर विकास कार्य कराये जा रहे है।

वार्ड नं. 23 के प्रभात नगर में जगन्नाथ मंदिर के पास आयोजित भूमिपूजन



कार्यक्रम में महापौर यादव ने कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, राजा माखीजा (वार्ड पार्षद), सुनील साहू, डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद सर्वश्री कमलेश बंधे, सुश्री तृप्ति पात्रे, मनोहर यादव, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, संदीप बघेल, श्रीमती प्रियंका पंकज कुरंजेकर, समाज के वरिष्ठ आवतराम तेजवानी व हरीश मोटलानी चन्द्रशेखर लश्करे, रवि सिन्हा, सतीश साहू, खेमीन राजेश यादव, शेखर यादव, चन्द्रकृत साहू, पूर्व पार्षद विजय राय, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्री मन्नूमल मोटलानी, की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोडकर भूमिपूजन किया।

# तिल्दा में योग दिवस का उत्साह: सामूहिक सहभागिता से योगमय हुआ वातावरण

**विजय मत, तिल्दा**

पूरे तिल्दा नेवरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग के महत्व को समझा।

इसी क्रम में, पूज्य सिन्धी पंचायत और बद्रीनारायण हाई स्कूल के प्रांगण में एक विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों, और स्थानीय सिन्धी समुदाय के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुबह से ही योग स्थल पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था, जो योग के प्रति उनकी गहरी आस्था और जागरूकता को दशार्ता है।

योग गुरु श्री तुकेन्द्र वर्मा और सहयोगी योग प्रशिक्षक श्री भुवनेश्वर वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों,





प्राणायामों और ध्यान मुद्राओं का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और दैनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी। उपस्थित लोगों को बताया गया कि कैसे योग तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार करने में सहायक है। इस अवसर पर, पूज्य सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष शम्मनलाल खुबचंदानी ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का एक अनमोल हिस्सा है और इसके अभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने का आश्वासन दिया ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़ सकें। बद्री नारायण हाई स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश चंदानी ने भी योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और योग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शहर के अन्य हिस्सों में भी पार्कों, सामुदायिक भवनों और खुले मैदानों में योग सत्रों का आयोजन किया गया, जहाँ स्थानीय निवासियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन आयोजनों ने तिल्दा नेवरा के वातावरण को पूरी तरह से योगमय बना दिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। यह योग दिवस तिल्दा नेवरा के लिए न केवल एक औपचारिक आयोजन था, बल्कि यह स्वस्थ जीवन शैली और शारीरिक एवं मानसिक कल्याण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बना।

इण्डोर स्टेडियम में आयोजित किया गया जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय रहा संपूर्ण बालोद जिला

**विजय मत, बालोद**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज 21 जून को संपूर्ण बालोद जिला योगमय रहा। जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकाय तथा शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों सहित जिले में आम लोगों ने अपने-अपने घरों में भी योगाभ्यास किया।

जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित इण्डोर स्टेडियम में आज आयोजित जिला स्तरीय ग्यारहवें योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक



योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, जनपद पंचायत के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया के अलावा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पवन साहू, केसी पवार सहित अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, नूतन कंवर एवं अजय किशोर लकरा, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चन्द्राकर एवं अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना से किया गया।

### जिला जेल में रवि प्रकाश पांडेय ने कराया योग

बालोद स्थित जिला जेल में विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध योग शिक्षक रवि प्रकाश पांडेय ने योग कराया। इस अवसर पर जेल स्टाफ व बंदियों को विभिन्न आसन बताए गए। इसके अलावा योग का महत्व भी बताया गया। विश्व योग दिवस पर जगह-जगह योग का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में जिला जेल बालोद में भी योग का कार्यक्रम हुआ। इसमें बालोद के प्रसिद्ध योग शिक्षक रवि प्रकाश पांडेय ने योग के आसन बताए। उन्होंने बताया कि योग का हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण स्थान है। योग न केवल हमारे तन को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी स्वस्थ रखता है। योग से मन में सुविचार आते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ गया है और यही वजह है कि पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है। आज के दिन छोटे-बड़े हर लोग योग करते हैं। पांडेय ने आगे कहा कि योग सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि हमें हर रोज करना चाहिए।

**मानव-हाथी द्वंद रोकने की अनूठी पहल:** रणजीता स्टेडियम परिसर में लगाए सिंदूर के पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गजरथ यात्रा का किया शुभारंभ

**विजय मत, रायपुर**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर के रणजीता स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गजरथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह अभिनव पहल छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी द्वंद को कम करने और वन्यजीव संरक्षण के लिए जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस यात्रा के माध्यम से स्कूलों, ग्राम पंचायतों और हाट-बाजारों में पहुंचकर हाथियों के व्यवहार, सुरक्षा उपायों और सह-अस्तित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मानव और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। ह्यगजरथ यात्राह्न इस दिशा में एक सार्थक माध्यम बनेगी,




जो लोगों को शिक्षित कर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहायक होगी। उन्होंने वन विभाग के उन कर्मचारियों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्टेडियम परिसर में सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न अभियान के तहत नागरिकों से




अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें । उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के लिए भी आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने वन विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म और पुस्तिका का विमोचन भी किया, जिसमें हाथियों से संबंधित सावधानियां, उनके व्यवहार को समझने और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई है। यह सामग्री स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और स्थानीय समुदायों में वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और जागरूकता अभियानों की जानकारी दी, जो सतत विकास और हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहायक हैं।

उल्लखेनीय है कि ह्यगजरथ यात्राह्न राज्य सरकार की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जो सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और स्थानीय समुदायों की सहभागिता के माध्यम से वन्यजीवों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और वन विभाग की टीम को इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सार समाचार

### सरगुजा संभाग में भारी बारिश की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। आज शनिवार को सरगुजा संभाग के जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के अनेक जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं 22 जून रविवार से मौसम में बदलाव हो सकती है। पूरे राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। मानसून के आगमन से प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात की गतिविधियां तेज हो गई है। हालांकि अब धमी होने की संभावना है। आज शनिवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अनेक हिस्सों में सुबह से ही बादल हुए हैं। साथ ही बारिश की स्थिति बनी हुई है। दोपहर या शाम के समय बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि 21 जून को सरगुजा संभाग के जिलों में एक दो जगहों पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही बिलासपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर मध्यम बारिश दर्ज की गई है। साथ ही एक दो जगहों पर भारी बारिश हुई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 32.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान दुर्ग और राजनांदगांव में 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सरकारी कार्यालय से कंप्यूटर और प्रिंटर की चोरी, पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** शासकीय कार्यालय से लाखों रुपये के कंप्यूटर और प्रिंटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 4.83 लाख रुपये का चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है। यह कार्रवाई सिटी कोतवाली थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की है। प्रार्थी डॉ. पवन कुमार ठाकुर, निवासी विवेकानंद नगर स्टेडियम वार्ड 22, थाना बसंतपुर, ने 18 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 17 जून शाम 6 बजे से 18 जून सुबह 7 बजे के बीच शासकीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं औषधालय राजनांदगांव से अज्ञात चोरों ने तीन नए कंप्यूटर और एक प्रिंटर चोरी कर लिए। शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली थाना में धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली और सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिनमें दो संदिग्धों की पहचान हुई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र राजपूत ब्राह्मणपारा निवासी वार्ड 38 और गणेश राजपूत सिनेमा लाइन निवासी वार्ड 24 को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मंत्री टंक राम वर्मा के साथ जिलेवासियों ने किया सामुहिक योगाभ्यास

# योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जिसकी शुरूआत साधु-संतों ने सदियों पहले की थी

**विजय मत, गरियाबंद**

शनिवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद सहित जिले के सभी विकासखंडो में ग्यारहवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिलेभर से करीब एक लाख से अधिक लोगो ने एक ही समय में सुबह 7 से 8 बजे के बीच एक साथ योगाभ्यास किया। जिला स्तरीय सामूहिक योग अभ्यास का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया गया।

यहां मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री टंक राम वर्मा तथा विधायक रोहित साहू की उपस्थिति जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिकों तथा स्कुली बच्चों ने योग के विभिन्न आसन्नो का अभ्यास किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ मरकाम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। योगाचार्य भागवत कुमार साहू, मितेश साहू ने योगाभ्यास कराया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर



आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जिसकी शुरूआत साधु-संतों ने सदियों पहले की थी।

उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से उन्होंने दीघार्यु और निरोग जीवन जिया। आज के समय में जब लोगों की दिनचर्या असंतुलित हो चुकी है, ऐसे में योग उन्हें पुनः संतुलन और स्वास्थ्य की ओर ले जा सकता है। मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। आज विश्व के 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया गया, जो एक वैश्विक क्रांति के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है–विकसित भारत, और उसके लिए नागरिकों का स्वस्थ और अनुशासित जीवन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं में सुधार ही पर्याप्त नहीं, बल्कि जब आम नागरिक का स्वास्थ्य बेहतर होगा, तभी विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भी योग को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की।

### योग से स्वस्थ समाज का निर्माण संभव : विधायक रोहित साहू



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और संदेश को साकार करने आज हम सभी योगाभ्यास के लिए एकजुट हुए हैं। उन्होंने कहा कि योग जीवन में अत्यंत आवश्यक है। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं झ्र सभी वर्गों को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। विधायक साहू ने कहा कि जब शरीर और मन दोनों स्वस्थ होते हैं, तब कार्यक्षमता और सोच भी बेहतर होती है। स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण योग के नियमित अभ्यास से ही संभव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र में योग को बढ़ावा देने और जन-जागरण लाने का निरंतर प्रयास करेंगे।

## दीवार से टकराई तेज रफ्तार कार, तीन लोगों की मौत



**विजय मत, तखतपुर**

क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई. इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दो लोगों की हालत गंभीर है. घटना की सूचना पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बिलासपुर सिम्स अस्पताल जे गई, जहां दोनों का इलाज चल रहा है. यह घटना बिलासपुर-मुंगेली राज्य मार्ग पर बिनौरी गांव की है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है. जानकारी के मुताबिक, काठाकोनी एवं खजुरी नवागांव निवासी पवन रात्रे, सुरेश वासुदेव, विजय राजपूत, मोनू यादव, जयंत वैष्णव बिलासपुर प्लंबर का काम करने गए थे. सभी कार से आज दोपहर बिलासपुर से वापस काठोकोनी आ रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर ग्राम बिनोरी मोड़ के पास दीवार से जा टकराई, जिससे काठाकोनी निवासी पवन रात्रे एवं खजूरी नवागांव निवासी सुरेश वासुदेव, विजय राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई.

इस हादसे में मोनू यादव और जयंत वैष्णव गंभीर रूप से घायल हुए हैं. घायलों को इलाज के लिए डायल 112 की मदद से बिलासपुर सिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है. घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही. पुलिस ने मृत व्यक्तियों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भेज दिया है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया आपणो उत्सव का शुभारंभ

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव ₹आपणो उत्सव₹ का शुभारंभ आज लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अभनपुर में किया। यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और युवा प्रतिभाओं को मंच देने का एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के बच्चों और युवाओं को न केवल अपनी कला और प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, बल्कि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी जुड़ते हैं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह महोत्सव समाज में एकता, संवाद और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती प्रदान करता है। इस विशेष अवसर पर समाज के उन बच्चों,




युवाओं और विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, सामाजिक सेवा या अन्य किसी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समाज और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनके सम्मान से पूरे आयोजन में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बना रहा। ₹आपणो उत्सव₹ के तहत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य, गायन, वाद्ययंत्र, पारंपरिक नाटक और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जो आने वाले दो दिनों तक जारी रहेंगे। माहेश्वरी युवा संगठन की टीम ने इस आयोजन के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई और प्रदेशभर से आए समाज के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी की। सांसद अग्रवाल ने आयोजन समिति को हृदय से बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने, प्रेरित करने और सकारात्मक दिशा में अग्रसर करने का कार्य करते हैं।

# शिक्षा से स्वर्णिम भविष्य की ओर: मंत्री नेताम

**विजय मत, बलरामपुर**

जिले के हाई स्कूल मैदान में आज शैक्षणिक सत्र 2025-26 के जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषिमंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा नेताम की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंच से वक्ताओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा की महत्ता, संस्कार और राष्ट्रीय निर्माण में बालकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस, पुस्तकें, कॉपियाँ, स्कूल बैग और साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनके मनोबल को नई ऊर्जा मिली। मंच से यह संदेश भी दिया गया कि समाज के नन्हें बालक ही भविष्य के सशक्त




राष्ट्रनिमार्ता हैं और उनकी शिक्षा एवं विकास के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनि निकुंज, उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव एवं बलरामपुर नगर पालिका अध्यक्ष लोधी एक्का भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान बालकों में उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे हर वर्ग तक पहुँचाना राज्य का उद्देश्य है।

## ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना से लौटी शिक्षा व्यवस्था में रौनक

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर अपने कथनी और करनी में सामंजस्य का परिचय देते हुए ग्रामीण अंचलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का वादा निभाया है।

सुशासन तिहार के अवसर पर उन्होंने अचानक भरतपुर विकासखंड के ग्राम कुँवारपुर (माथमौर) में पहुँचकर जब ग्रामीणों से सीधा संवाद किया था, तब वहां की शालाओं में एकल शिक्षक व्यवस्था पर चिंता जताते हुए ग्रामीणों ने शिक्षकों की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही आश्वासन दिया था कि विद्यालय खुलते ही शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

मुख्यमंत्री के इस वादे को निभाते हुए शासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्राथमिक शाला तोजी, छपराटोला, दरीटोला और शिवटोला में शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत पदस्थापना कर दी गई है। इस निर्णय से इन विद्यालयों में अब नियमित शिक्षण कार्य प्रारंभ हो सकेगा और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी।

आधार से सध रहा है सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का लक्ष्य : निहारिका बारिक सिंह

# आईटी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है छत्तीसगढ़: भुवनेश कुमार

**विजय मत, रायपुर**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद द्वारा आज राजधानी रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में आधार से अधिकतम लाभ प्राप्त करना विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में आधार के व्यापक और प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना है। साथ ही आधार की उपयोगिता को जन-कल्याण की योजनाओं से जोड़ते हुए अधिक पारदर्शी एवं डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में आगे बढ़ना है। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला




का आयोजन मुख्य सचिव अमिताभ जैन के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भुवनेश कुमार ने कहा कि आई.टी. के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ तीव्र गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 140 करोड़ आधार बने हैं, जिसकी सहायता से हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधार आम नागरिकों की प्रगति का सबसे बड़ा माध्यम बन गया है। उन्होंने जानकारी दी कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आधार एनरोलमेंट और अपडेशन के लिए नवाचार का उपयोग कर नया साफ्टवेयर बना कर पूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जा रहा है, ताकि आधार बनाने की प्रक्रिया में होने वाली दिक्कत की आशंका को कम किया जा सके। आधार को और अधिक विश्वसनीय एवं प्रभावी बनाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, पासपोर्ट, मनरेगा, पी.डी.एस. आदि अनेक सेवाओं से इन्टीग्रेट किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने कहा कि आधार से सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का लक्ष्य साधने में मदद मिल रही है। आधार, भारत का सबसे परिवर्तनकारी डिजिटल पहचान मंच बन चुका है, जिसकी सहायता से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने आधार की भूमिका को समावेशी,

राष्ट्र को समर्पित
विजय मत
मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com
रायपुर, रविवार, 22 जून 2025



संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# काम और ज़िंदगी के बीच संतुलन की खोज

**क्या कोई ज़्यादा काम करने से मरा है?** यह सवाल अकसर मज़ाक में पूछा जाता है, लेकिन आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में यह गंभीर बहस का मुद्दा बन गया है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि बेहतर वर्क-लाइफ बैलेंस के लिए सप्ताह में अधिकतम 40 घंटे काम करना ही उचित है। भारत में श्रम कानून मौजूद हैं, जो काम के घंटे तय करते हैं। लेकिन निजी और असंगठित क्षेत्रों में इन कानूनों का पालन अक्सर नहीं होता। ज्यादातर निजी कंपनियों में कर्मचारी सप्ताह में 48 घंटे या उससे अधिक समय तक काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनके पारिवारिक और मानसिक जीवन पर असर पड़ता है। हाल ही में इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने देश के युवाओं से सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात कही, जबकि एलएंडटी के सीएमडी एस.एन. सुब्रह्मण्यन ने 90 घंटे तक काम करने की वकालत की। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि ज़्यादा घंटे काम करने से उत्पादकता नहीं बढ़ती, बल्कि इससे थकान, तनाव और निजी जीवन में असंतुलन पैदा होता है। पश्चिमी देशों में सप्ताह में 40 घंटे का कार्यकाल सामान्य है। वहां 'वर्क हार्ड, पार्टी हार्डर' की संस्कृति है, जिसमें पांच दिन काम और दो दिन विश्राम या मनोरंजन को महत्व दिया जाता है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां कर्मचारियों को लचीले कामकाजी घंटे और छुट्टियों की सुविधा देती हैं, ताकि वे मानसिक रूप से स्वस्थ और उत्पादक बने रहें। मनोरंजन उद्योग की बात करें तो अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने हाल ही में एक फिल्म यह कहकर छोड़ दी कि वे रोज़ाना छह से आठ घंटे से ज़्यादा काम नहीं करना चाहतीं, ताकि अपने परिवार को समय दे सकें। इससे यह साफ होता है कि व्यक्तिगत समय की मांग अब केवल आम कर्मचारियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि सितारे भी संतुलन को प्राथमिकता देने लगे हैं। ज़रूरी है कि भारत में श्रम कानूनों को सख्ती से लागू किया जाए और कंपनियां परिणाम आधारित कार्य संस्कृति अपनाएं। अंततः काम ज़रूरी है, लेकिन ज़िंदगी उससे कहीं ज़्यादा अहम है। संतुलन ही सफलता और सुखी जीवन की असली कुंजी है।

## नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# ईरान-इज़रायली युद्ध और बेनकाब अंतरराष्ट्रीय राजनीति का असली चेहरा

**अपूर्वानंद**

> पूरी दुनिया की जनता एक अविश्वसनीय दृश्य देख रही है। या असली सच अब बिलकुल अनावृत हो कर सामने आ गया है। वह यह कि दुनिया में राजनय जैसी कोई चीज़ नहीं। जो है वह गुंडागर्दी या शस्त्रबल है। अंतरराष्ट्रीय नियम, क़ानून, क़ायदों का कौड़ी भर मोल नहीं है। अगर कुछ बलवान गुंडे, जिन्हें राष्ट्र के नाम से गौरवान्वित किया जाता है, साथ आ जाएं तो वे किसी को भी घेरकर मार डाल सकते हैं। यह भी एक नाक़ाबिले यक़ीन मंजर है कि दुनिया के सबसे ताकतवर माने जाने वाले मुल्क अमेरिका के प्रमुख को इज़रायल ने नकेल डाल रखी है और अपनी मर्ज़ी से वह उसे नचा रहा है। जैसा बहुत पहले से कई अमरीकी विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय नीति अमेरिका नहीं, इज़रायल तय करता है। इज़रायल ने ईरान पर यकायक हमला बोल दिया है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ठिकानों पर हमला करने के साथ उसने ईरान के फ़ौज के अगुवा लोगों को निशाना बनाकर मार डाला है।

इज़रायल ने फ़ौज और सरकार में ख़ामनेई के सारे करीबी लोगों की निशाना लगाकर हत्या कर दी है। अब वह धमकी दे रहा है कि वह ईरान के प्रमुख ख़ामनेई को भी निशाना बना सकता है। वह ईरान में सत्ता पलट की बात कर रहा है। नेतन्याहू ईरान की जनता का आह्वान कर रहा है कि वह अपनी सरकार को बेदख़ल कर दे। और ख़ुद को उसके उद्धारक के तौर पर पेश कर रहा है। यानी जो तबाही वह ईरान में मचा रहा है, उसके मुताबिक़ वह ईरान की भलाई के लिए है। वह यह सोच भी पा रहा है कि उसकी बमबारी से मारी जा रही और तबाह हो रही ईरानी जनता उसका अपने उद्धारक के रूप के स्वागत भी करेगी। अमेरिका अब तक अपने पट्ठे इज़रायल के साथ सीधे मैदान में नहीं दिख रहा। नेतन्याहू पहले दिन से ही अपने सरपरस्त को कह रहा है कि उसे मैदान में उतरना ही पड़ेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति को उकसाने के लिए वह खुलेआम कह रहा है कि ईरान ट्रंप का क़त्ल कर सकता है। नेतन्याहू टीवी पर कह रहा है कि ट्रंप ईरान का पहला निशाना हैं। इसका मतलब यह है कि अगर ट्रंप को ख़ुद को बचाना है तो उसे ईरान पर इज़रायली हमले में शामिल हो जाना चाहिए ।ऐसा इसलिए कि वह अकेले ईरान को हरा नहीं सकता।



इज़रायल यूरोप और अमेरिका को समझा रहा है कि वह दरअसल उन्हें बचाने के लिए ईरान पर हमला कर रहा है। और वे उसे सुन रहे हैं। इज़रायल में अमेरिका का राजदूत ट्रंप को एक लिजलिजा ख़त भेजता है। वह लिखता हैं कि ट्रंप को उसे खुदा ने कुछ ऐसे काम को अंजाम देने को भेजा है जो और कोई राष्ट्रपति नहीं कर सकता। वह कहता है कि 1945 के ट्रूमैन के बाद वह दूसरा राष्ट्रपति है जिसे ईश्वर ने अपना काम करने के लिए चुना है। सबको याद है कि 1945 में ट्रूमैन ने क्या किया था। वह था हिरोशिमा और नागासाकी पर अणुबम गिराना। राजदूत राष्ट्रपति को उकसा रहा है कि वह ईरान के साथ भी ट्रूमैन जैसा कुछ करे। और राष्ट्रपति इस ख़त को सार्वजनिक भी करता है। जब इज़रायल बिना किसी उकसावे के ईरान पर बमबारी कर रहा हो और पूरे इलाक़े में तबाही का मंजर हो, अमेरिका का राष्ट्रपति मज़े लेते हुए कह रहा है, कोई नहीं जानता मेरे मन में क्या है। ट्रंप एक हफ़्ता पहले जो कह रहा था, अब ठीक उसके उलट कह रहा है। हफ़्ता नहीं गुजरा, ट्रंप ने बतलाया था कि ईरान से वार्ता बहुत अच्छी ढंग से चल रही है। ईरान की तरफ़ से जो अमेरिका से वार्ता कर रहे थे, उन ईरानी अधिकारी को इज़रायल ने मार डाला और अमेरिका का राष्ट्रपति ताली बजा रहा है। कह रहा है- वह मारा गया। एक संप्रभु राष्ट्र को अमेरिका धमकी दे रहा है कि उसके राष्ट्र प्रमुख की वह हत्या कर सकता है लेकिन अभी नहीं करेगा। ईरान हथियार डाल दे, वरना! इज़रायल ईरान पर यह कहकर हमला करता है कि उसके वजूद के लिए वह ख़तरा है। एक मुल्क जिसके पास परमाणु बम हैं, एक पड़ोसी मुल्क पर हमला करता है कि वह परमाणु बम बनाने के क़रीब है। और दुनिया के वे सारे मुल्क, जो ख़ुद को सभ्यता का रक्षक कहते हैं, इज़रायल की तरफ़ से ईरान पर जुबानी हमला करने लगते हैं। फ़्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड सब चीखने लगते हैं कि ईरान ख़तरा है। जिसके पास परमाणु बम है, वह ख़ुद को असुरक्षित बतला कर पड़ोसी पर हमला कर रहा है। अगर परमाणु बम भी किसी को नहीं बचा सकता, तो उसके होने का फ़ायदा क्या है?

दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क कनाडा में इकट्ठा होते हैं। लेकिन यह जी7 मसखरेबाज़ों का अड्डा अधिक जान पड़ता है। ये मसखरेबाज़ हैं लेकिन ख़तरनाक हैं क्योंकि पूरी दुनिया की ताक़त इनके पास है। अमेरिका का राष्ट्रपति यह अड्डेबाज़ी बीच में छोड़ उठ जाता है यह कहकर कि वह कुछ बहुत बड़ा करने के लिए वाशिंगटन लौट रहा है। सारे लोग क़यास लगा रहे हैं, वह बड़ा क्या होगा! 'मेरे मन में क्या है, कोई नहीं बता सकता', वह सबको चिढ़ाता है। पत्रकार पूछते हैं, अभी 3 महीना पहले अमेरिका की खुफ़िया विभाग की प्रमुख तुलसी गबर्ड ने बयान दिया था कि ईरान के पास बम बनाने की क्षमता नहीं है। फिर अभी अमेरिका उससे कैसे पलट सकता है। और राष्ट्रपति यह कहता है कि उसे रत्ती भर परवाह नहीं कि वह क्या बोली थी। उसके मन में अभी जो आएगा, वह करेगा। अमेरिका में लोग चीख रहे हैं कि युद्ध का फ़ैसला सिर्फ़ कांग्रेस या सीनेट कर सकती है लेकिन राष्ट्रपति के पास इन नियम क़ायदों के लिए वक्त नहीं है।

आप कनाडा के उस दृश्य को दुबारा देखिए- फ्रांस, इंग्लैंड, इटली, कनाडा, जापान, कनाडा, अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के प्रमुखों को देखिए। उनकी आपसी चुहलबाजी देखिए। ये सब अपने व्यापारिक स्वार्थों की रक्षा के लिए इकट्ठा हैं। और चाहते हैं कि दुनिया माने कि वे इंसानियत की भलाई के उपाय सोच रहे हैं। भविष्य में कोई जब इन तस्वीरों को देखेगा तो क्या अनुमान कर पाएगा कि यह उस वक्त का मंजर है जब इन मुल्कों का एक पिट्ठू दुनिया के एक हिस्से में तबाही मचा रहा था? जब ग़ज़ा में रोज़ाना वह पिट्ठू सैकड़ों फ़िलस्तीनियों का क़त्ल कर रहा था? दुनिया के ये 6 पश्चिमी देश पूरी दुनिया के भाग्य का निबटारा करने का दावा करते हैं। बाक़ी देश उनके साथ दावत के न्योते का इंतज़ार करते हैं, उनके साथ फोटो खिंचाने को धक्का मुक्की करते हैं। सबको वापस अपने मुल्कों में अपने मतदाताओं को फोटो दिखानी है! दुनिया में नेतृत्व की कमी है, हम अफ़सोस करते हैं। लेकिन हमें शायद ट्रंप का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उसने यह बतला दिया है कि अंतरराष्ट्रीय संबंध जैसी कोई चीज़ नहीं। यह पृथ्वी के संसाधनों की सामूहिक लूट के लिए बाहुबलियों के आपसी समझौते का दूसरा नाम है। एक तरह से 20वीं सदी का पूर्वार्द्ध बीता नहीं है। जैसे तब ये मुल्क आपस में मध्यपूर्व का बांट बखरा कर रहे थे, आज फिर कर रहे हैं। उपनिवेशवाद जारी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# भगवान राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर

**संजय गोस्वामी**

**भगवान** राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर है क्योंकि उन्होंने भारत के लोगों को जो संदेश दिया वही देश की शक्ति है और भारत माता के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है रामचरितमानस कोई कहानी की किताब नहीं है, अपने मानस में, मन में देखा गया राम चरित्र है। हमें भी मानस के पात्रों को व्यक्ति रूप में नहीं, अन्तःकरण की वृत्ति के रूप में देखना है।

ध्यान दें, तुलसीदास जी विनय पत्रिका में लिखते हैं-

**अपारे संसारे विषय विष पूरो जलनिधि**
**रचित मन दनुज मय रूप धारी**

माने विषय वासना के जल से भरा यह संसार ही सागर है। इस संसार-सागर में, आपका मन ही मय दानव है, इसी के द्वारा रचित यह आपका शरीर ही लंका है।

इस देह रूपी लंका का वास्तविक उत्तराधिकारी जीव रूपी विभीषण है। पर यह जीव रूपी विभीषण, मोह रूपी रावण, अहंकार रूपी कुम्भकरन, काम रूपी मेघनाद और वासना रूपी सूर्पनखा के वशीभूत है। जीव-विभीषण, भगवान का टूटा फूटा भजन तो करता है, पर अपनी आँखों से मोहादि के, सब प्रकार के अनाचार दुराचार पापाचार को देखता हुआ भी, मोह की सत्ता का विरोध नहीं करता। जब जीव के करोड़ों जन्मों का किया हुआ पुण्य, फल देने को खड़ा होता है, तब उसके जीवन में हनुमान रूपी संत आते हैं, तब ही जीव रूपी विभीषण को साहस होता है और वह मोहादि को चुनौती देता है। वह मोह रूपी रावण की लात तो खाता है, पर अन्ततः गिरता पड़ता भगवान की शरण में जाता है। भगवान अंतःकरण में अवतरित होकर, उतर कर, मोहादि का नाश कर देते हैं। और शान्ति रूपी सीता, जो मोह के कारण, हृदय रूपी अशोक वाटिका में बन्दी पड़ी थी, बंधन से मुक्त हो जाती है। यही असली दशहरा है। बाहर लाख रावण जलाओ, जब तक भीतर मोह की सत्ता है, जब तक भक्ति मोह वाटिका में बन्दी पड़ी है, तब तक आपके जीवन में चैन कहाँ? कि अब हमें भी इसी से सबक लेते हुये से मोह-रावण का नाश कर, ही सही मायने में भगवान राम की सच्ची आराधना होगी तभी जीवन में असली शांति और भगवान श्री राम के प्रति अपार श्रद्धा होगी। भगवान श्री राम एक शुद्ध विचार है जो मर्यादा के पालन की प्रेरणा देता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत



**ललित गर्ग**

> गीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है।

**ललित गर्ग**

हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है 'सद्भाव के माध्यम से उपचार', जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में ही मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में 'ला फेते डे ला म्यूजिक', यूके में 'मेक म्यूजिक डे', इटली में 'फेस्टा डेला म्यूजिका' या पोलैंड में 'स्विएटो मुजिकी'। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं।




बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं। विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज़, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज़ आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया। सूरदास की पदावली, तुलसीदास की चौपाई, मीरा के भजन, कबीर के दोहे, संत नामदेव की सिखानियाँ, संगीत सम्राट तानसेन, बैजु बाबरा, कवि रहीम, संत रैदास संगीत को सदैव जीवित रखेंगे। इस संगीत का प्रारंभ वैदिक काल से भी पूर्व का है। इस संगीत का मूल स्रोत वेदों को माना जाता है। पंडित शारंगदेव कृत 'संगीत रत्नाकर' ग्रंथ मे भारतीय संगीत की परिभाषा 'गीतम, वादयम् तथा नृत्यं त्रयम संगीतमुच्यते' कहा गया है। गायन, वाद्य वादन एवम् नृत्य; तीनों कलाओं का समावेश संगीत शब्द में माना गया है। तीनो स्वतंत्र कला होते हुए भी एक दूसरे की पूरक है। भारतीय संगीत के दो प्रकार प्रचलित है; प्रथम कर्नाटक संगीत, जो दक्षिण भारतीय राज्यों में प्रचलित है और दूसरा हिन्दुस्तानी संगीत शेष भारत में लोकप्रिय है। भारतवर्ष की सारी सभ्यताओं में संगीत का बड़ा महत्व रहा है। धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं में संगीत का प्रचलन प्राचीन काल से रहा है। इस रूप में, संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाती है। वैदिक काल में आध्यात्मिक संगीत को मार्गी तथा लोक संगीत को 'देशी' कहा जाता था। कालांतर में यही शास्त्रीय और लोक संगीत के रूप में दिखता है। भारत में संगीत मुगल बादशाहों की छत्रछाया में और कर्नाटक संगीत दक्षिण के मन्दिरों में सर्वाधिक विकसित हुआ। इसी कारण दक्षिण भारतीय कृतियों में भक्ति रस अधिक मिलता है और हिन्दुस्तानी संगीत में श्रृंगार रस। संगीत अशांति के अंधेरों में शांति का उजाला है। यह अंतर्मन की संवेदनाओं में स्वरों का ओज है। संगीत मनोरंजन का जरिया ही नहीं, बल्कि यह देशों-दुनिया की संस्कृति को भी समझने में मदद करता है। खुशी हो या फिर गम, संगीत दिल को सुकून देता है। कहते हैं संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह सरहदों के पार होता है, दिल से निकलकर दिल तक पहुंचता है। संगीत को प्रेम की भाषा भी कहा जाता है। किसी के दिन की शुरूआत संगीत से होती है तो किसी की रात संगीत पर खत्म हो जाती है। संगीत दिल को खुशी देने का काम करता है। संगीत सिर्फ सात सुरों में बंधा नहीं होता। इसे बांधने के लिए विश्व की सीमाएं भी कम पड़ जाती हैं। अगर इसे महसूस करें तो दैनिक जीवन में संगीत ही संगीत भरा है-कोयल की कूक, पानी की कलकल, हवा की सरसराहट, मन्दिर की झंकार, हर जगह संगीत ही तो है, बस जरूरत है तो इसे महसूस करने की। किसी के लिए संगीत का मतलब अपने दिल को शांति देना है तो कोई अपनी खुशी का संगीत के द्वारा इजहार करता है। प्रेमियों के लिए तो संगीत किसी रामबाण या ब्रह्मास्त्र से कम नहीं। संगीत में मूड ठीक करने की अद्भुत ताकत होती है। अच्छा संगीत बेचैनी कम करता है। शोध कहते हैं कि घंटों काम कर रहे व्यक्ति का कुछ देर अच्छा संगीत सुनना उनकी रचनात्मकता व कार्यक्षमता को बढ़ा सकता है। संगीत को लेकर हुए अध्ययनों में पता चला है कि संगीत शरीर में बदलाव लाता है, जो स्वास्थ्य में सुधार एवं शांति स्थापित करता है। इसके अलावा जो मरीज अवसाद और निराशा के शिकार होते हैं, उन्हें इससे बाहर निकालने के लिए संगीत थेरेपी दी जाती है। संगीत मन और शरीर दोनों को ही आराम पहुंचाता है। संगीत अमूर्त कला है पर उसमें निहित शांति, सौन्दर्य एवं संतुलन की अनुभूति विरल है। संगीत, ध्वनि का ऐसा लयबद्ध व्यवहार है जो हमें अपने आपसे जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8405



### बाएँ से दाएँ

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आर्युवेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला (अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

### ऊपर से नीचे

1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

### शब्द पहेली -8404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | ल | ल | क |
| दा | दा | ■ | न | म | न | ■ | ■ | ल |
| म | चा | न | ■ | स | र | फ | रो | श |
| ■ | र | का | बी | ■ | क | ■ | ■ | या |
| आ | ■ | रा | ज | ■ | म | न | ■ | त्रा |
| ल | ■ | ■ | डा | ■ | य | म | ज | ■ |
| म | नो | मि | ल | न | ■ | न | ल | का |
| गी | ■ | ■ | ना | र | द | ■ | च | र |
| र | वा | ना | ■ | क | र | ता | र | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**22 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.04 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 09.20 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.32 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.43 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.58 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.19 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 22.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.38 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 01.08 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | वृष | 02.49 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.47 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 173 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 17.39 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 16.57 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 14.57 बजे तदनन्तर तैतिल 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872383
**जूलियन दिन** 2460848.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 25
**विशेष** गौण योगिनी एकादशी, वैष्णव योगिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## सार समाचार

### अवकाश के दिनों में भी खुली रहेंगी खाद बीज समितियां कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**अम्बिकापुर।** जिले में लगातार हो रही वर्षा के मद्देनजर लैम्पस समितियों में कृषकों द्वारा खाद-बीज की मांग की जा रही है। कृषकों के हित को ध्यान में रखते हुए तथा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिए सरगुजा कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी विलास भोसकर ने सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित के समस्त समिति प्रबंधकों को पत्र जारी कर अवकाश के दिनों में समितियां खुली रखने निर्देशित किया है। जारी आदेशानुसार समितियां प्रत्येक दिवस सुबह 9:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक तथा शनिवार, रविवार एवं अवकाश के दिनों में भी खुली रहेंगी एवं कृषकों को बीज वितरण करेंगे।

### चिरमिरी-मनेंद्रगढ़ साजा पहाड़ सड़क चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

**एमसीबी।** चिरमिरी और मनेंद्रगढ़ के बीच बहुप्रतीक्षित साजा पहाड़ मार्ग के चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य का सपना आखिरकार साकार होने की दिशा में अग्रसर हो गया है। वर्षों की प्रतीक्षा, संघर्ष और जनभावनाओं के सम्मान में 21 जून को इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमिपूजन समारोह मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के केराडोल पोड़ी, चिरमिरी में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल रहे, जिनके अथक प्रयासों से यह ऐतिहासिक कार्य धरातल पर उतर सका। लोक निर्माण विभाग संभाग मनेंद्रगढ़ द्वारा स्वीकृत इस परियोजना के अंतर्गत 4056.64 लाख रुपये की लागत से 17.40 किमी लंबे इस मार्ग का चौड़ीकरण और उन्नयन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर, जनपद प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, वरिष्ठ नागरिक, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

### योग को अपने जीवन शैली में करें शामिल नियमित करे योगः सीजेएम बोरकर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निदेर्शानुसार स्टेट प्लान एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अर्तराष्ट्रीय दिवसों के अवसर किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के तत्वधान में जिला न्यायालय परिसर में प्रतिवर्ष की भांति प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर आज 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायाधीशो, अधिवक्तागणो एवं न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने अपने विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि योगाभ्यास समारोह में योग प्रशिक्षक डॉ किरण द्वारा योगाभ्यास कराए जाने के दौरान पद्मासन, ताड़ासन, वज्रासन, मकरासन, नौकासन, भुजंगासन, शवासन, कपाल भारती सहित अनुलोम-विलोम जैसे महत्वपूर्ण योग के बारे में आसन की प्रक्रिया तथा उनके महत्व के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी देकर योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद बोरकर ने योगाभ्यास में उपस्थित सभी अधिवक्तागणो, न्यायिक अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने जीवन शैली में नियमित रूप से योग करने की अपील की है।

### कल सूरसी और कनाइडीह में लाभ संतृप्त शिविर का होगा आयोजन

**सक्ती।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत सक्ती जिले में 23 जून 2025 को डभरा विकासखण्ड के ग्राम सूरसी और मालखरौदा विकासखण्ड के ग्राम कनाइडीह में लाभ संतृप्त शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्राम स्तर, कलस्टर स्तर पर शिविरों के माध्यम से स्थल पर लाभ जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सिकल सेल स्कीनिंग, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पी एम किसान सम्मान निधि, प्रत्येक घरों में विद्युत उपलब्धता, पोषण वाटिका, प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय निर्माण तथा कौशल प्रशिक्षण सेवाओं आदि से लाभान्वित किया जाना है।

---

**स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश**

# कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन के सानिध्य में सामूहिक योग कार्यक्रम हुआ आयोजित

**विजय मत, कोरबा**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कोरबा नगरीय क्षेत्र के लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर कन्वेन्शन हॉल में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंत्री देवांगन ने विभिन्न मुद्राओं का योगाभ्यास कर योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी एवं सभी से योग को अपने दैनिक जीवन मे अपनाने का आग्रह किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कोरबा मयंक अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश नाग, अपर कलेक्टर मनोज बंजारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, स्वास्थ कर्मी, स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया।मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर व मन को स्वस्थ रखने के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। उनके आह्वान पर भारत सहित अनेक देशों ने योग को अपनाकर इसे अपनी जीवनशैली में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि योग हमारे प्राचीन परंपरा और संस्कृति का अटूट हिस्सा रहा है। पुराने समय में ऋषि मुनि नियमित योग साधना से अनेक बिमारियों से दूर रहते थे। इस हेतु हमें योग को अपने जीवन का



हिस्सा बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की 2047 विकसित भारत की अवधारणा ही है कि देश का हर क्षेत्र में विकास हो, हर व्यक्ति का जीवन सुविधा संपन्न हो, विकसित भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए हर नागरिक को स्वस्थ होना होगा, तभी विकसित भारत का सपना पूरा होगा। मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का अनुशरण करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी योग को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

आज राज्य के सभी 33 जिलों में विभिन्न स्तरों पर योगाभ्यास किया जा रहा है साथ ही अनेक शासकीय, निजी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। मंत्री देवांगन ने आमजनों से अपने व्यस्त जीवनशैली के बीच अपने शरीर के लिए समय निकालने एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। शारीरिक रूप से भाग दौड़ की जिंदगी में नाना प्रकार की बीमारियों से बचे रहने के लिए योग बहुत फायदेमंद है। इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री साय के निर्देशन में पूरे देश सहित राज्य मे योग दिवस मनाया जा रहा है। योग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं एवं मनुष्य निरोग रहता है। इस हेतु सभी को अपने दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में योग का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि योग अपने शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। योग एक शारिरिक अभ्यास ही नहीं अपितु शरीर और मन का संतुलन बनाने का प्रयास है। इससे शारीरिक और मानसिक दक्षता में वृद्धि होती है। उन्होने सभी से प्रतिदिन योग के लिए समय निकालने एवं योगमय जीवन अपनाकर निरोग बनने का अपील किया। एसपी श्री तिवारी ने कहा कि मन और आत्मा को शरीर से जोड़ना ही योग है। इस हेतु सभी स्वस्थ जीवन के लिये प्रतिदिन योग अवश्य करें। कार्यक्रम में योग शिक्षक रामेश्वर प्रसाद पांडे ने योग के महत्व को बताते हुए योग को नियमित रूप से अपने जीवन मे शामिल करने प्रेरित किया। उन्होंने मंत्री देवांगन सहित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं नगरवासियों को ताड़ासन, पवन मुक्तासन, हलासन, शवासन, कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया।

---

**भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार है योगः संभागायुक्त कावरे**

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**विजय मत, रायपुर**

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति एवं संभागायुक्त महादेव कावरे ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार है, जिसे विश्व ने स्वीकार किया है। योग हमारी हजारों वर्ष पुरानी जीवनशैली है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ती है। इस वर्ष योग दिवस की थीम, 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग', का उद्देश्य योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व को स्वस्थ बनाना है। कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन की वास्तविक पूंजी है। सभी धनों में स्वास्थ्य धन सर्वश्रेष्ठ है। यदि हम प्रतिदिन योग करें, तो हमारे भीतर एकाग्रता, आत्मविश्वास और मानसिक शांति बढ़ेगी। चाहे परीक्षा का तनाव हो या कैरियर की चिंता, योग इन सभी का समाधान है। योग प्रशिक्षक ऋषभ ने चक्रासन, अर्धचक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम -विलोम प्राणायाम कराए. सत्र में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योग के लाभों को समझा और इसे दैनिक जीवन मे अपनाने का संकल्प किया.कार्यक्रम का समापन सामूहिक ध्यान से हुआ. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, शैलेंद्र खंडेलवाल, डॉ. नृपेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. राजेंद्र मोहंती, उप कुलसचिव सौरभ शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक एवं सहायक कुलसचिव डॉ. देव सिंह पाटिल सहित अतिथि शिक्षक, स्कूली छात्र-छात्राएं, अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में शामिल हुए।

---

**यातायात नियमों और साइबर फ्राड से बचने दी गई जानकारियां**

# पुलिस ने स्कूली बच्चों व शिक्षकों को जिन्दगी को हॉ और नशे को ना कहने दिलाई शपथ

**विजय मत, सूरजपुर**

डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर थाना सूरजपुर, यातायात व साइबर सेल की टीम के द्वारा स्थानीय साधुराम विद्या मंदिर स्कूल में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 20 जून 2025 को किया गया। पुलिस अधिकारियों के द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ पुलिस की इस मुहिम के बारे में अवगत कराया। किस प्रकार आज साइबर अपराध बढ़ रहा है उसके खतरे, बचाव के उपाए और यातायात नियमों का पालन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से नशा मुक्त भारत पखवाड़ाअभियान के तहत नशा न करने, न करने देने, नशे की बुराई से लोगों को अवगत कराने और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर डीएसपी अनूप एक्का ने बच्चों को नशे के विरूद्ध नवजीवन अभियान के उद्देश्य को बताया और कहा कि नशीली पदार्थ सेवन के खिलाफ जागरूकता फैलाना एवं लोगों को



इससे दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करना है, नशे के आदि व्यक्तियों को नशे से मुक्ति दिलाने हेतु विभिन्न सामाजिक संगठनों से सहयोग प्राप्त कर जागरूकता कार्यक्रम स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार आयोजित की जा रही है। निरीक्षक जावेद मियादांद ने नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी और नशा न करने की प्रतिज्ञा किस प्रकार से ली जा सकती है उसके बारे में विस्तार से बताया थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस मनाया जाता है। अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य अवैध मादक पदार्थो के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी को रोकने हेतु आम जनता को जागरूक करना है, इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ह्नशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की टीमें लगातार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को नशीले दवाओं के दुष्प्रभाव एवं अवैध तस्करी के सम्बन्ध में जागरूक करने मजबूती से कार्य कर रही है। यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों को यातायात नियमों के बारे में बताते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

---

# जिले के पहुंच विहीन केंद्रों में चार माह का खाद्यान्न भंडारण और वितरण जारी

**विजय मत, सूरजपूर**

शासन की मंशानुरूप जिले के पहुंच विहीन केंद्रों में चार माह के खाद्यान्न का भंडारण एवं वितरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देशों के परिपालन में एवं कलेक्टर एस. जयवर्धन के कुशल निर्देशन में जिले के 09 पहुंच विहीन केंद्रों में चार माह का खाद्यान्न भंडारित किया जा चुका है, जिसका वितरण कार्य सुचारु रूप से जारी है।इसी कड़ी में खाद्य अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों झ छतरंग, घुईडीह एवं पलकेवरा के शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राशनकार्डधारियों से खाद्यान्न वितरण की स्थिति की जानकारी



ली गई। खाद्य अधिकारी ने मौके पर मौजूद दुकान संचालकों को निर्देशित किया कि खाद्यान्न का वितरण समय पर, निर्धारित मात्रा एवं उचित दर पर किया जाए। साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों में शेष सदस्यों को ई-केवाईसी कार्य 30 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने की अपील की।

---

**प्रधानमंत्री आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर पेश की मिशाल**

# कोरियाः तस्कीन की नई छत पर गिर रही हर बूंद होगी सुरक्षित

**विजय मत, कोरिया**

जब आप सकारात्मक परिवर्तन को अपने जीवन में आगे बढ़ कर अपनाते हैं तो आप स्वयं ही मिशाल बन जाते हैं।आप जिस स्तर पर रहकर सुधार करना चाहें कर सकते हैं ऐसी ही सकारात्मक खबर कोरिया जिले से है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जारी मोर गांव मोर पानी महाअभियान से जुड़कर ग्राम पंचायत सोरगा में रहने वाली तस्कीन खातून ने कोरिया जिले में जल संरक्षण हेतु एक नया मानक तैयार कर दिया है। उनके इस



सराहनीय कार्य का सकारात्मक प्रभाव पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की हितग्राही तस्कीन खातून ने बड़े शहरों में अपनाई जाने वाली रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए स्वयं अपने नव निर्मित आवास पर बनवा लिया है। कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम सोरगा में रहने वाली तस्कीन खातून को गत वर्ष अपना पक्का मकान बनाने हेतु अनुदान प्रदान किया गया। इन्होंने अपनी कमाई हुई कुछ रकम के साथ अपने पक्के मकान का सपना पूरा कर लिया है। इसके बाद आवास निर्माण में बची हुई सामग्री टूटी हुई ईंट आदि से सोखता पिट बनवाया और नए आवास की छत के पानी की निकाशी को पाइप के माध्यम से सोखते गड्ढे तक जुड़वा लिया है।

**क्या कहती हैं हितग्राही**

जिले में जल संरक्षण हेतु चल रहे अभियान से हमने प्रेरणा ली, जब तक हम सभी अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझेंगे तब तक मोर गांव मोर पानी महाअभियान से जल संरक्षण का काम अधूरा ही रह जाएगा। इसलिए हमने कलेक्टर कोरिया की अपील पर अपने नए आवास में जल संरक्षण हेतु हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवा लिया है और मै आग्रह करती हूं कि सभी अपने छत में गिरने वाली हर बूंद को बचाएं।

---

**खास-खबर**

**2 लाख की आबादी को आवाजाही में समस्या हो रही**

# इमलीछापर के 11 मकान 2 साल में नहीं हटवा सके-रेलवे ओवरब्रिज का काम हुआ बंद

**विजय मत, कोरबा**

कोरबा-पश्चिम कुसमुंडा क्षेत्र के इमलीछापर चौक पर रेलवे ओवरब्रिज पर काम अटका हुआ है, क्योंकि यहाँ पर स्थित 11 मकानों को प्रशासन अब तक हटा नहीं सका है। इससे 2 लाख की आबादी को आवाजाही में समस्या हो रही है। बारिश के मौषम में प्रशासन ने बैठक लेकर मकानों को हटाने निर्णय लिया है। कुसमुंडा क्षेत्र का एक हिस्सा इमलीछापर चौक की इस ओर है, तो दूसरा हिस्सा रेलवे ट्रैक के पार स्थित है। शहर से एसईसीएल खदान के साथ प्रमुख कार्यालय व कॉलोनी में आवाजाही के लिए रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है। इसके अलावा गेवरा बस्ती, भिलाई बाजार, हरदी



बाजार सहित आसपास क्षेत्र के 25 ग्राम के लोग गेवरा, दीपका, बांकीमोंगरा समेत आसपास क्षेत्र के लोग भी इमलीछापर चौक पार कर शहर और जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। आवाजाही कुसमुंडा के इमलीछापर चौक से होती है, लेकिन एक ओर जहां कुसमुंडा में भुट्टा चौक से लेकर शिव मंदिर चौक तक 2 किमी तो दूसरी और कुचैना मोड़ से इमलीछापर एक डेढ़ किमी की दूरी तय करना परेशानी का सबब बन गई है।

**बारिश में परेशानी, भाजपा-कांग्रेस ने दी चेतावनीः** कुसमुंडा क्षेत्र में ओवरब्रिज व कुचैना मोड़ की ओर सड़क का निर्माण अधूरा होने से पहले ही क्षेत्रवासी परेशान हैं। इस बीच लगातार बारिश ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है, इसलिए अब भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टी की ओर से सड़क सुधार की मांग के साथ एसईसीएल को चेतावनी दी है। भाजयुमो के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य विकेश झा ने थाना की ओर भुट्टा चौक से इमलीछापर चौक तक 15 दिन के भीतर सड़क व पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग करी है। ऐसा नहीं होने पर 16वें दिन हड़ताल की जाएगी। इसी तरह नगर निगम के वार्ड 63 की पार्षद गीता गभेल ने इमलीछापर चौक के पास जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी बयां करते हुए 2 दिन के भीतर उचित व्यवस्था नहीं करने पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।

**हर 10 मिनट में गुजरती हैं मालगाड़ियां-फाटक पर जाम**

इमलीछापर चौक के पास रेलवे फाटक के समीप ही गेवरा रोड स्टेशन है, जहां से दिनभर कोयला खदानों की ओर मालगाड़ियों की आवाजाही होने से औसतन हर 10 मिनट में फाटक बंद किया जाता है। मालगाड़ी की गति धीमी होने से खुलने में 20-30 मिनट का समय लग जाता है। फाटक से प्रतिदिन एसईसीएल की खदानों से कोयला परिवहन करने वाले मालवाहक करीब 1 हजार भारी वाहन आवाजाही करते हैं। इमलीछापर फाटक के पास रेलवे ट्रैक के ऊपर गर्डर लॉचिंग मरने पिलर का निर्माण किया जा चुका है, लेकिन इसके आगे इमलीछापर चौक के पास जहां अने के पिलर बनने हैं, वहां दायरे में 11 मकान चिन्हित हैं। मकान जिस जमीन पर है, यह एसईसीएल की है।

**जमीन राजस्व की, कोरबा की तर्ज पर मिले मुआवजा**

इमलीछापर वार्ड के पूर्व पार्षद बसंत चंद्रा के मुताबिक ओवरब्रिज निर्माण के लिए जिन मकानों को चिन्हित किया गया, उसमें उनका भी मकान उक्त जमीन राजस्व की है, जिसमें वर्षों से परिवार मकान बना काबिज एसईसीएल जमीन अपना बता रही लेकिन दस्तावेज नहीं है। कोरबा में अंडरब्रिज निर्माण के लिए जिस तरह से राजस्व की जमीन पर काबिज लोगों को मुआवजा दिया, उसी तर्ज पर उन्हें भी मुवावजा मिले, परंतु एसईसीएल और प्रशासन ऐसा करने को तैयार नहीं है। उनके द्वारा बारिश में बेदखली का प्रयास किया जा रहा हैं।

---

### सेमरताल संकुल में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बिलासपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल में योग का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य अनिल वर्मा एवं संकुल समन्वयक ओमप्रकाश वर्मा के मार्गदर्शन में होने वाले योग में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरताल एवं शासकीय प्राथमिक शाला सेमरताल के विघार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर योग के विभिन्न आसनों का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के मुख्य अभ्यागत सेवानिवृत्त शिक्षक रामकुमार वर्मा, सरपंच धनित्तर सूर्यवंशी , पंच चैतराम साहू एवं पोमन सिंह थे। योगाचार्य व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पान्डेय, वेलनेस कोच सतीश धीवर और व्याख्याता पद्मा द्विवेदी ने योग का प्रशिक्षण दिया। इसमें भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, मंडूकासन, मयूरासन, पद्मासन, सूर्य-नमस्कार सहित महत्वपूर्ण आसन कराए गए। योगा दिवस पर व्याख्याता राजेश शर्मा, प्रधान पाठक शांति तिर्की, अदिति दुबे, रुपाली श्रीवास्तव, शैली यादव, ग्रंथपाल टी आर लहरें,पद्मावती मरावी मौजूद रहीं।

### हत्यारिन पत्नी को आजीवन कारावास की सजा

# प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की पति की हत्या

**विजय मत, पेंड्रा**

हनीमून के लिए शिलांग गए राजा रघुवंशी हत्याकांड ने पूरे देश के झकझोर दिया। नवविवाहित पति के मन में इस हत्या के बाद एक तरह के खौफ देखने को मिला, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इसी तरह का एक हत्याकांड छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले से सामने आया था। यहां पत्नी ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस से बचने के लिए उसे फांसी पर लटका दिया था। मामले में कोर्ट ने पत्नी दुर्गावती नायक और प्रेमी कमलेश्वर उरांव को आजीवन



कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर 500 रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार पूरी घटना 20 अप्रैल 2024 की है। पेंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पनकोटा निवासी लालजीत नायक की फांसी पर झूलती लाश मिलने की सूचना पर मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। प्रारंभिक जांच में मृतक की पत्नी दुर्गावती नायक की भूमिका संदिग्ध होने पर मामले को गंभीरता से लिया गया। पुलिस ने जब मृतक का पोस्टमार्टम कराया तो रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि मृतक की मृत्यु गला दबाकर की गई है, जिससे यह मामला हत्या का सिद्ध हुआ। इस पर जब पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि मृतक की पत्नी दुर्गावती नायक के लाटा ग्राम निवासी कमलेश्वर उरांव से अवैध संबंध थे। दोनों ने 19 अप्रैल 2024 की रात को मिलकर सोते समय गमछे से गला घोंटकर लालजीत नायक की हत्या कर दी। हत्या के बाद घटना को आत्महत्या का स्वरूप देने के लिए उसी गमछे से मृतक को फांसी पर लटका दिया गया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड एकता अग्रवाल के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों आरोपियों दुर्गावती नायक एवं कमलेश्वर उरांव को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की प्रभावी पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह द्वारा की गई।

## मेकाहारा अस्पताल में दिनदहाड़े चोरी, मरीज के परिजन का पर्स उड़ा ले गया चोर

**रायपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा में दिनदहाड़े चोरी की वारदात ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है. यहां चोर इलाज



कराने आए मरीज के परिजन का पर्स उड़ा ले गया. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. अस्पताल में चोरी से मरीजों के परिजन दहशत में हैं. मौदहापारा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. नवापारा, जिला रायगढ़ निवासी केवल साहू ने मौदहापारा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. प्रार्थी ने बताया कि मेकाहारा में मौसाजी का इलाज चल रहा है. परिवार समेत मेकाहारा आए हैं. आज उनका पर्स चोरी हो गया. पर्स में दो मोबाइल और 40 हजार रुपए नगद कैश था. सीसीटीवी फुटेज में युवक पर्स की चोरी करते दिख रहा है. प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पत्नी पर हंसिया से जानलेवा हमला, आरोपी पति फरार

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक महिला पर उसके पति द्वारा हंसिया से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पूरी घटना उउळश कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि आरोपी पति अचानक अपने पास से हंसिया निकालता है और पत्नी पर हमला कर देता है। घटना की शिकार महिला चेतनी परमार ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। उसने बताया कि वह झाडू-पोछा का काम करती है और बीते तीन वर्षो से अपने पति युगांधर परमार से अलग होकर राजातालाब क्षेत्र में किराए के मकान में रह रही है। पति-पत्नी के बीच पुराना विवाद चल रहा था। मामले के अनुसार, 21 जून को चेतनी परमार एक साइकिल शोरूम में काम कर रही



थी, तभी उसका पति युगांधर वहां पहुंचा और उसे मंदिर हसौद चलने के लिए कहने लगा। महिला के मना करने पर आरोपी गुस्से में आ गया और अपने पास रखे हंसिया से उसकी पीठ और पैर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके साथ ही उसने अश्लील गालियाँ भी दीं। घटना के तुरंत बाद पीड़िता को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# राजधानी में लड़कियां कर रही गांजा तस्करी, 2 युवतियों समेत 4 गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

राजधानी रायपुर में गांजा तस्करी का एक मामला सामने आया है, जिसमें न केवल पुरुष आरोपी बल्कि दो युवतियां भी नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त पाई गई हैं। शहर के तेलघानी नाका चौक स्थित मालधक्का रोड के पास पुलिस ने 23 किलो 110 ग्राम गांजा के साथ 4 आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में दो युवतियां भी शामिल हैं। यह गंज थाना क्षेत्र का मामला है। जानकारी के अनुसार, 19 जून को गंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चार संदिग्ध दो युवक और दो युवतियां अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर मालधक्का रोड पर बिक्री के इरादे से खड़े हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एटीएस और गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर चारों को घेराबंदी कर पकड़ा।

पूछताछ में उन्होंने अपना नाम श्याम तांडी, शिवा बघेल, निशा बग्गा, ईशा



बग्गा होना बताया। जब टीम के सदस्यों ने उनके पास मौजूद दो ट्रॉली बैग और दो पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो उन्हें हरे रंग के पॉलीथीन के अंदर गांजा के 23 पैकेट मिले। 23 पैकेटों में कुल 23 किलो 110 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 2.30 लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

श्याम तांडी, पिता मतीराम तांडी, उम्र 35 वर्ष, निवासी स्टेशन चौक, कुम्हारी, रूपनगर उड़िया बस्ती, जिला दुर्ग। शिवा बघेल, पिता नकुल बघेल, उम्र 35 वर्ष, निवासी कोटा स्टेडियम के पास, थाना सरस्वती नगर, रायपुर। निशा बग्गा, पिता परमेश्वर बग्गा, उम्र 26 वर्ष। ईशा बग्गा, पिता परमेश्वर बग्गा, उम्र 21 वर्ष। (निशा और ईशा दोनों निवासी भिलाई-3, मस्जिद के पीछे, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़)।

आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन और एक एक्सेस स्कूटी जब्त की गई है। जब्त सामग्रियों की कुल कीमत करीब 4.48 लाख रुपये है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ थाना गंज में धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## दीवार से टकराई तेज रफ्तार कार, तीन लोगों की मौत, दो की हालत नाजुक

**विजय मत, तखतपुर**

क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकराई. इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दो लोगों की हालत गंभीर है. घटना की सूचना पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बिलासपुर सिम्स अस्पताल जे गई, जहां दोनों का इलाज चल रहा है. यह घटना बिलासपुर-मुंगेली राज्य मार्ग पर बिनौरी गांव की है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है. जानकारी के मुताबिक,



काठाकोनी एवं खजुरी नवागांव निवासी पवन रात्रे, सुरेश वासुदेव, विजय राजपूत, मोनू यादव, जयंत वैष्णव बिलासपुर प्लंबर का काम करने गए थे. सभी कार से आज दोपहर बिलासपुर से वापस काठोकोनी आ रहे थे, तभी कार अनियंत्रित होकर ग्राम बिनोरी मोड़ के पास दीवार से जा टकराई, जिससे काठाकोनी निवासी पवन रात्रे एवं खजूरी नवागांव निवासी सुरेश वासुदेव, विजय राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई.

**घायलों की स्थिति नाजुक:** इस हादसे में मोनू यादव और जयंत वैष्णव गंभीर रूप से घायल हुए हैं. घायलों को इलाज के लिए डायल 112 की मदद से बिलासपुर सिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है. घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही।

## बिलासपुर में 3 लोगों की दर्दनाक मौत, दीवार में जा टकराई कार

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। मिली




जानकारी के अनुसार, घटना तखतपुर थाना क्षेत्र के बिनौरी मोड़ के पास हुई है। बताया जा रहा है कि यहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## खोडरी गांव में कुल्हाड़ी से हमला कर पत्नी की हत्या, आरोपी पति हिरासत में

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** जिले के खोडरी गांव से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां पति ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की




कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान सुषमा पनिका के रूप में हुई है, जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आरोपी पति का नाम खेतन सिंह है, जिसे पुलिस ने मौके से ही हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खेतन सिंह ने किसी घरेलू विवाद और चरित्र को लेकर संदेह के चलते यह खौफनाक कदम उठाया आरोपी के बेटे ने बताया कि उसके पिता नशे की हालत में थे और अक्सर मां के चरित्र पर शक करते हुए मारपीट करते थे। उसी का नतीजा यह घातक हमला बना। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपी के मनोवैज्ञानिक तथा आपराधिक पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी की प्रवृत्ति पहले से ही हिंसक थी।

## डिजिटल एस्टेट टैक्स में 54.90 लाख के साइबर फ्रॉड का खुलासा, दो गिरफ्तार

**विजय मत, भिलाइ**

देश में इन दिनों साइबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। साइबर फ्रॉड कर लोगों से ठगी करने वाले बहुत शातिर होते है और वो लोग पीड़ितों को इतना डरा देते है की उनकी सोचने समझने की शक्ति कम हो जाती है और वे उस दौरान सिर्फ उस सिचुएशन में फंसते जाते है। ऐसा ही एक ट्रेंड है डिजिटल अरेस्ट का जिसमें लोग फर्जी सेटअप लगाकर वीडियो कॉल के द्वारा लोगों ट्रैप करते है। कभी पुलिस तो कभी कोई और अफसर बनकर लोगों के अंदर भय पैदा करते है और उनसे लाखों-करोड़ों की ठगी कर लेते है। ऐसा ही एक मामले दुर्ग जले से सामने आया था। इस मामले में पीड़ित से 54 लाख 90 हजार रूपए का फ्रॉड किया गया था। इस केस में दुर्ग पुलिस ने बीते दिनों उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ से 4 आरोपियों दीपक गुप्ता , राजेश विश्वकर्मा, कृष्ण




कुमार और शुभम श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में दुर्ग पुलिस को एक और सफलता मिली है। प्रकरण के 2 अन्य आरोपीयों को इस बार महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन और आधार कार्ड को जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी :- 01 रूषिकेस जोशी उम्र 37 साल ठाणे महाराष्ट्र 02 चंदन बालकरण सरोज उम्र 30 साल ठाणे महाराष्ट्र डिजिटल एस्टेट कर के नाम पर 54 लाख 90 हजार रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। इस हाई-प्रोफाइल साइबर फ्रॉड केस में पहले ही चार आरोपियों को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। अब मामले में शामिल दो और आरोपियों को मुंबई, महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



## मजदूर ने ठेकेदार को चाकू दिखा कर दो सौ रुपए लिया

**रायपुर।** राजधानी में 200 के लिए एक मजदूर ने अपने ठेकेदार के गले पर चाकू से हमला कर दिया। मजदूर का ठेकेदार के साथ 200 को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद मजदूर ठेकेदार के घर में सोने के दौरान भीतर घुस गया। फिर अचानक रात में हमला कर दिया। यह पूरा मामला राखी थाना क्षेत्र का है। एफआईआर के मुताबिक, संतोष साहू ने थाने में शिकायत दी। जिसमें बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है। 19 जून की रात 2 बजे के करीब उसे अचानक तेज दर्द हुआ। उसने देखा कि विनय टंडन नाम का युवक अपने हाथों में चाकू पकड़ा हुआ है और भाग रहा है। गले में चाकू लगने से खून बहने लगा और उसे अस्पताल पहुंचाया गया। ठेकेदार ने पुलिस को बताया कि, विनय टंडन के साथ उसकी मजदूरी के 200 के लिए विवाद हुआ था। इसके बाद विनय ने गाली गलौज के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उसने घर के भीतर पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस अब आगे की जांच कर रही हैं।

## बाइक में अवैध महुआ शराब की तस्करी करते युवक पकड़ाया

**विजय मत, रायगढ**

जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए धरमजयगढ़ पुलिस ने शनिवार को 50 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रूपुंगा निवासी सितेन्द्र डनसेना (उम्र 21 वर्ष) मोटरसाइकिल से अवैध रूप से महुआ शराब लेकर दुगार्पुर चौक की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दुगार्पुर चौक में घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ा। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी मोटरसाइकिल में लदे 3 प्लास्टिक की बोरियों से कुल 50 लीटर महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5,000 रुपये है। शराब के परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बजाज



प्लेटीना मोटरसाइकिल (अनुमानित कीमत ?20,000) को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना धरमजयगढ़ में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज करगिरफ्तारी की कार्रवाई पूर्ण की और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में इस कार्रवाई में एएसआई गंगाराम भगत, आरक्षक विनय तिवारी, विजयनंद राठिया, हेमलाल बरेठ एवं महिला आरक्षक सोनम उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी लोडर और 2 हाइवा जब्त

**विजय मत, महासमुंद**

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निदेर्शानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज सुबह खनिज विभाग द्वारा ग्राम बिरकोनी में कुल 4 वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग, पुलिस एवं राजस्व की टीम ने 2 जेसीबी लोडर वाहन एवं 2 हाइवा को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया। चारों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ महासमुंद थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21



के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निदेर्शानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डंप कर रखे 245 हाईवा रेत जब्त, जिला प्रशासन की लगातार कार्यवाही जारी

गरियाबंद। कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर टास्क फोर्स की टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। खनिज अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि खनिज विभाग के



अमले द्वारा 19 एवं 20 जून को राजिम, बकली, चौबेबांधा क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध भण्डारण के 04 प्रकरणों में 245 हाईवा रेत ढेरी जप्त किया गया। इसी प्रकार से खनिज रेत के अवैध परिवहन के 01 हाईवा एवं 04 ट्रेक्टर कुल 09 प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सभी अवैध भण्डारणों पर छत्तीगसढ खनिज (खनन, परिवहन, तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत एवं वाहनों पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 एवं छ0ग0 गौण खनिज नियम 2015 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक खनि अधिकारी रोहित कुमार साहू, खनि सिपाही खिलेश्वर ध्रुव, नगर सैनिक भुवनेश्वर वर्मा एवं लाकेश साहू सहित पुलिस विभाग का विशेष योगदान रहा।

## पिता ने बेटे पर चाकू से किया हमला, गिरफ्तार

**विजय मत, रायगढ़**

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक पिता द्वारा अपने ही बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 18 जून 2025 की दोपहर की है। आहत विश्वनाथ निषाद के बड़े भाई बिहारी लाल निषाद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनका छोटा भाई विश्वनाथ अपने मकान की छत की मरम्मत करवा रहा था। इसी दौरान पिता नकुल निषाद ने विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि केवल अपने घर की मरम्मत करवा रहे हो, मेरे घर की नहीं। गुस्से में आकर नकुल निषाद ने घर में रखे चाकू से विश्वनाथ के



गले पर हमला कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई। घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना चक्रधरनगर में आरोपी नकुल निषाद के विरुद्ध अपराध क्रमांक 273/2025 धारा 109(1), 296, 351 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक नंदकुमार सारथी, आरक्षक मिकेतन पटेल और पौलुस एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भारतीय टीम के टेस्ट कप्तान बनते ही किंग की राह पर चल पड़े प्रिंस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने शतक जड़ मेजबान टीम को चौंका दिया। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने काफी उम्मीदों के साथ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था, लेकिन गिल और यशस्वी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। यशस्वी 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कप्तान गिल 127 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ उपकप्तान ऋषभ पंत 65 रन बनाकर क्रीज पर हैं। गिल और यशस्वी ने इस टेस्ट में काफी प्रभावित किया। 92 रन पर दो विकेट गिर जाने के बाद दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी निभाई। यशस्वी जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो गिल ने प्लेमेकर की भूमिका निभाई और संभल कर शॉट्स खेले। जैसे ही यशस्वी आउट हुए तो गिल ने शॉट्स लगाने शुरू किए और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। प्रिंस के नाम से मशहूर गिल अब किंग विराट कोहली के नक्शेकदम पर चल चुके हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि दोनों के स्टैट में समानता से पता चलता है।

### कप्तानी से पहले दोनों का औसत 40 से नीचे था

इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट बतौर कप्तान गिल का पहला टेस्ट है। बतौर कप्तान अपनी डेब्यू पारी में ही गिल ने शतक जड़ दिया। गिल का टेस्ट में औसत 37.41 का है और इस टेस्ट से पहले उनका औसत 35.06 का था। ठीक उसी तरह जैसे कोहली का बतौर कप्तान डेब्यू से पहले औसत 40 से नीचे थे। कोहली का टेस्ट में बतौर कप्तान पहला मैच ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2014 में आया था। भारत ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एडिलेड में पहला मैच ही कोहली की कप्तानी में खेला था। इस टेस्ट की पहली पारी में कोहली ने 115 रन बनाए थे। इस मैच से पहले कोहली का टेस्ट में औसत 39.47 का था। इसके बाद कोहली ने टेस्ट में कई रिकॉर्ड्स बनाए। गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

### कप्तानी डेब्यू पर शतक

गिल ने बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच की पहली पारी में शतक जड़ दिया। किंग कोहली ने भी 2014 में ऐसा किया था। उन्होंने तब पहली पारी में 115 रन बनाने के अलावा दूसरी पारी में भी 141 रन बनाए थे। अब यह देखने वाली बात होगी कि अगर भारत को दूसरी पारी में खेलने का मौका मिलता है तो गिल कैसा प्रदर्शन करते हैं। एक चीज जो और देखने वाली रही, बतौर कप्तान डेब्यू पर शतक के वक्त दोनों के हाथ में एमआरएफ का ही बल्ला रहा।



### बल्लेबाजी क्रम बदलता रहा

गिल ने टेस्ट करियर की शुरुआत ओपनर के तौर पर की थी। फिर पुजारा के हटने और यशस्वी के आने के बाद उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी पड़ी। अब वह भारत के नए नंबर चार हैं। ठीक इसी तरह कोहली के बल्लेबाजी क्रम में भी काफी बदलाव हुए थे। कोहली ने 2011 में टेस्ट डेब्यू छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए किया था। फिर उन्हें 2012 में पांचवें नंबर पर भेजा जाने लगा। 2012 के जनवरी में राहुल द्रविड़ के संन्यास के बाद तीसरा स्थान खाली हुआ तो बीच-बीच में उन्हें नंबर तीन पर भी बल्लेबाजी करनी पड़ी। हालांकि, 2013 में सचिन के संन्यास के बाद कोहली को पूरी तरह नंबर चार दे दिया गया। अब कोहली के संन्यास पर शुभमन को यह स्थान दिया गया है। सचिन से कोहली और कोहली से गिल तक यह परंपरा चली आ रही है।

### बतौर खिलाड़ी फेल, लेकिन कप्तान बनते ही बदला अंदाज

गिल का इससे पहले न सिर्फ इंग्लैंड में बल्कि किसी SENA देश में अच्छा रिकॉर्ड नहीं था। हालांकि, कप्तान बनते ही गिल का अंदाज बदल गया और उन्होंने इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। यह ठीक उसी तरह है जैसे किंग कोहली ने बतौर कप्तान बनते ही इंग्लैंड में धमाल मचाया था। 2014 में जुलाई में जब टीम इंडिया ने इंग्लैंड का दौरा किया था तो कोहली बतौर बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए थे। यह सीरीज उनके लिए डरावने सपने की तरह थी। वह तब 10 पारियों में 134 रन बना पाए थे। हालांकि, इसके बाद जब टीम इंडिया ने 2018 में कोहली के कप्तान रहते हुए इंग्लैंड का दौरा किया तो किंग के तेवर बदले हुए थे। यह बतौर कप्तान कोहली का पहला इंग्लैंड दौरा था और वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इस सीरीज में कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, कोहली ने बतौर कप्तान इंग्लैंड में अपनी पहली ही पारी में 149 रन (बर्मिंघम टेस्ट, 2018) बनाए थे। प्रिंस गिल से भी यही उम्मीद की जा रही है।

### नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में ही शतक

गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज तक तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी। हालांकि, कोहली के संन्यास के बाद टीम मैनेजमेंट को उन्हें चौथे नंबर पर भेजने का कॉल लेना पड़ा और यह सही साबित हुआ। गिल ने नंबर चार पर अपनी पहली ही पारी में शतक जड़ दिया। कोहली ने भी 2013 में ऐसा ही किया था। 2013 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले कोहली ने कभी नंबर चार पर बल्लेबाजी नहीं की थी। वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नंबर चार पर डेब्यू करते हुए कोहली ने अपनी पहली ही पारी में 119 रन बनाए थे।

### कप्तान के रूप में अपने पहले ही मैच में पूरे किए 2000 टेस्ट रन

गिल ने शुक्र वार को 127 रन की नाबाद पारी के दौरान टेस्ट में 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्हें ऐसा करने के लिए 107 रन की जरूरत थी। प्रिंस गिल की तरह साल 2014 में कोहली ने भी बतौर कप्तान अपना पहला मैच खेलते ही टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 में एडिलेड टेस्ट से पहले कोहली के 1855 रन थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए। दूसरी पारी में 30 रन बनाते ही कोहली ने टेस्ट में 2000 रन पूरे कर लिए थे। इसे अब संयोग कहें या कुछ और, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रिंस किंग की राह पर चलने को तैयार हैं। इतना ही नहीं, भारत को एक नया सितारा भी मिल गया है।

## भारतीय महिला पहलवानों का कमाल, अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में टीम खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया।

प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।



## सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रिबाकिना को हराया, ज्वेरेव सेमीफाइनल में पहुंचे

एरिना सबालेंका ने बर्लिन ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और चार मैच प्वाइंट बचाकर एलिना रिबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा। हाले टेनिस टूर्नामेंट में अस्वस्थ होने के बावजूद ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराने में सफल रहे। ज्वेरेव ने पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ज्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी। ज्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक डेनिल मेदवेदेव से होगा।

## लगातार 90 मीटर भाला फेंकने के लिए भारतीय चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने दिया जीत का मंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और यहां पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंकने के लिए उन्हें अपनी प्रमुख मांसपेशियों पर कड़ी मेहनत करनी होगी और शरीर को अधिक मजबूत बनाना होगा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने शुक्रवार को 88.16 मीटर के थ्रो के साथ दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता, लेकिन वह इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में दर्ज किए गए 90.23 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने या उससे आगे निकलने में असफल रहे। दोहा में वह अपने जर्मन प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने कहा, मुझे थ्रो करते समय और अधिक नियंत्रण बनाने की जरूरत है। हम अभ्यास में इस पर काम कर रहे हैं लेकिन अभी कई चीजों को बदलना होगा। मुझे लगता है कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मुझे मजबूत मांसपेशियों और मजबूत शरीर की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि अपने प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। चोपड़ा ने कहा, यह सिर्फ समय और लय की बात है। मैं अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करना चाहता हूं। इस शीर्ष एथलीट ने कहा कि वह अपने रन अप से खुश हैं, लेकिन जब थ्रो के समय की बात आती है तो उन्हें कुछ और प्रयास करने होंगे। चोपड़ा ने कहा, मैं रन अप में बहुत अच्छा महसूस करता हूं, लेकिन जब मैं भाला फेंकता हूं तो टाइमिंग इतनी अच्छी नहीं होती। मैं तेजी से बायीं तरफ जाता हूं और यह अच्छा नहीं होता। मुझे छाती की तरफ सामने की ओर भाला फेंकना होता है और भाला ऊपर की ओर फेंकना होता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। चोपड़ा ने अपने आगामी कार्यक्रम के बारे में कहा, मैं चार दिन बाद 24 जून को ओस्ट्रावा (गोल्डन स्पाइक एथलेटिक मीट) में भाग लूंगा। इसलिए मुझे रिकवरी की जरूरत है। चोपड़ा को आगे जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना है उनमें पांच जुलाई को बेंगलुरू में होने वाली पहली नीरज चोपड़ा क्लासिक भी शामिल है जिसके वह स्वयं मेजबान हैं। विश्व एथलेटिक्स ने इसे ए श्रेणी की प्रतियोगिता का दर्जा दिया है। चोपड़ा ने 16 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण में 90.23 मीटर की दूरी तय करके दूसरा स्थान हासिल किया था।



# बिजनेस

## सार व्यापार

### एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में 20 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। एयर इंडिया की फ्लाइट के भयावह हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे का असर सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि एयरलाइन की कारोबारी स्थिति पर भी साफ दिख रहा है। घटना के बाद यात्रियों के मन में डर बैठ गया है और इसका नतीजा यह हुआ है कि एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में करीब 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि किराए में भी 8 से 15 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने यह जानकारी दी। आईएटीओ अध्यक्ष के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद इंटरनेशनल रूट्स पर बुकिंग में 18-22 प्रतिशत और घरेलू फ्लाइट्स में 10-12 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। उन्होंने दो टूक कहा कि यह रुझान फिलहाल अस्थायी और भावनात्मक प्रतिक्रिया जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि समय के साथ स्थिति सामान्य हो सकती है, क्योंकि एयर इंडिया पर किसी प्रणालीगत सुरक्षा चूक का आरोप नहीं है और डीसीसीए जैसे नियामक संस्थानों ने इसकी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के पालन की पुष्टि की है। हादसे के बाद एयर इंडिया ने किराये में भी कटौती की है। घरेलू रूट्स पर किराया 8-12 प्रतिशत कम हुआ है। इंटरनेशनल रूट्स, खासकर यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया की उड़ानों पर 10-15 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है।



### 80 दिनों में इनकम टैक्स कलेक्शन 5.45 लाख करोड़ के पार

मुंबई (ईएमएस)। देश के डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 19 जून 2025 तक डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 4.86 फीसदी बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो बीते साल इसी अवधि में 5.19 लाख करोड़ रुपए था। हालांकि, टैक्स रिफंड में तेज बढ़ोतरी के चलते शुद्ध टैक्स संग्रह (नेट कलेक्शन) में हल्की गिरावट देखी गई। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टैक्स रिफंड में साल-दर-साल 58.04 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह रिफंड 2024 में 54,661 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 86,385 करोड़ रुपए हो गया है। इसके चलते नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 1.39 फीसदी घटकर 4.58 लाख करोड़ रुपए रह गया। एडवांस टैक्स कलेक्शन में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। कुल एडवांस टैक्स 3.87 फीसदी बढ़कर 1,55,533 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कॉरपोरेट टैक्स का योगदान 1,21,604 करोड़ रुपए रहा, जो करीब 6 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। हालांकि, नॉन-कॉरपोरेट एडवांस टैक्स में 2.68 फीसदी की गिरावट आई है और यह घटकर 33,928 करोड़ रुपए रह गया है।




## ब्रोकरेज हाउस ने टाटा मोटर्स के शेयर्स पर दिखाया भरोसा, 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी आएगी

**मुंबई, एजेंसी**

बीते एक साल से स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहे स्टॉक टाटा मोटर्स के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस ने बड़ी भविष्यवाणी की है। ब्रोकरेज हाउस का कहना हैं कि कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी प्राप्त करने की क्षमता है। बता दें, शुक्रवार को मार्केट की तेजी में टाटा मोटर्स के शेयरों में भी बढ़त दिखाई दी थी। रिपोर्ट के अनुसार टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों को ब्रोकरेज फर्म ने आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस की ओर से टाटा ग्रुप के स्टॉक का टारगेट मूल्य 830 रुपये प्रति शेयर सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि जगुआर और लैंडरोवर एक लक्जरी ब्रांड बनने की ओर अग्रसर हो रहे है। टाटा मोटर्स का फोकस है कि पैसेंजर वाहन सेगमेंट में उसका मार्केट शेयर बढ़े। इसके लिए कंपनी अलग-अलग मॉडल लांच कर रही है। वहीं, टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में भी तेजी से काम कर रही है। कंपनी ने ईवी सेगमेंट के लिए जो टारगेट रखा है, उस टारगेट को 2030 में हासिल कर लेगी। बता दें, टाटा मोटर्स की कुल सेल्स का 15 प्रतिशत ईवी सेगमेंट से आता है। अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी हुंडई, मारुति की तुलना में टाटा मोटर्स ईवी सेगमेंट में अच्छा काम कर रही है। बीते एक साल में टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत टूट चुका है। कंपनी ने 2 साल में करीब 16 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 30 प्रतिशत की तेजी आई है।



### एनएसई के आईपीओ में कोई भी रुकावट नहीं रहेगी: सेबी प्रमुख

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि एनएसई के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कोई रुकावट उत्पन्न नहीं होगी। सेबी प्रमुख ने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के दिवाली से पहले आने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कोई समयसीमा साझा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने यहां एफई सीएफओ अवॉर्ड्स समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसई के आईपीओ के मामले में कोई भी बाधा नहीं रहेगी। पांडेय ने दोहराया कि सेबी शेयर बाजारों द्वारा समाशोधन निगम का स्वामित्व रखने से सहमत है और यह स्वामित्व एनएसई के आईपीओ की दौड़ में कोई 'बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि समाशोधन निगम के स्वामित्व के मामले में हर देश के अपने मॉडल होते हैं। अमेरिका में ब्रोकर इसके मालिक हैं जबकि भारत में वे अलग-अलग इकाई के रूप में काम करते हैं। मार्च में सेबी प्रमुख का पदभार संभालने वाले पांडेय ने कहा कि एनएसई कुछ कानूनी प्रक्रियाओं को निपटाने की प्रक्रिया में है, जिसमें कुछ राशि का भुगतान करना और कुछ मामलों को वापस लेना शामिल है। हालांकि, उन्होंने निपटान की सटीक प्रकृति और किए जाने वाले भुगतानों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

## भारत का योग मार्केट 2030 तक 12,667 अरब डॉलर का होगा!

### सालाना 12.2% की दर से हो रही है ग्रोथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का योग मार्केट 2023 में 5,672.7 अरब अमेरिकी डॉलर था और 2030 तक यह बढ़कर 12,667 अरब डॉलर हो जाएगा। यह ग्रोथ सालाना 12.2 फीसदी की दर से हो रही है, जो किसी भी इंडस्ट्री के लिए बेहद प्रभावशाली आंकड़ा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह विकास न सिर्फ घरेलू बाजार में है बल्कि भारत दुनिया भर में योग को एक एक्सपोर्टेबल प्रोडक्ट के रूप में पेश कर रहा है। इससे न सिर्फ भारत की छवि विश्वगुरु के रूप में मजबूत हुई है, बल्कि रोजगार, विदेशी मुद्रा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी नई जान फूंकी है। यह रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि भारत न सिर्फ अपनी पारंपरिक योग विद्या को पुनः स्थापित कर रहा है, बल्कि उसे वैश्विक व्यापार में बदलकर रोजगार, निर्यात और पर्यटन जैसे कई क्षेत्रों को गति भी दे रहा है। यह ट्रेंड दिखाता है कि योग अब 'स्पिरिचुअल से सर्विस सेक्टर' तक की यात्रा तय कर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सबसे ज्यादा कमाई ऑफलाइन योग कोर्स से हुई, जहां लोग योग स्टूडियो, कैंप और वर्कशॉप्स में भाग लेते हैं। हालांकि आने वाले वर्षों में 'ऑनलाइन योग कोर्स' सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट साबित होगा। यह जानकारी एक अध्ययन से सामने आई, जो कहता है कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों की जीवनशैली में आए बदलाव ने योग को डिजिटल रूप दे दिया है।



## बीमा क्षेत्र में केंद्र सरकार दे सकती है बोर्ड में विदेशी निदेशकों की मंजूरी

### बीमा विधेयक तैयार, आगामी मॉनसून सत्र में पेश किए जाने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार विदेशी बीमा कंपनियों को अन्य प्रमुख प्रबंधन कर्मियों (केएमपी) के अलावा बोर्ड में बहुसंख्य अनिवासी सदस्यों को नियुक्त करने की अनुमति दे सकती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के मुताबिक बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी किए जाने के बाद ऐसा किया जा सकता है। यह अमेरिका की सरकार और अमेरिकी बीमा उद्योग की एक प्रमुख मांग रही है। हाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) व कोअलिशन ऑफ सर्विसेज इंडस्ट्रीज (सीएसआई) दोनों ने इस मुद्दे को उठाया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि बीमा विधेयक हमारी ओर से तैयार है और उसे आगामी मॉनसून सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। हम निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों को आसान बना रहे हैं। अगर कोई अमेरिकी नागरिक या कोई विदेशी पेशेवर नेतृत्व की भूमिका निभाता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। विदेशी बीमा कंपनियां पहले से ही बीमा नियामक आईआरडीएआई के जरिये पूरी तरह विनियमित हैं। इन बदलावों के कारण उनके कारोबार अथवा संरचना पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि इन सुधारों का उद्देश्य विदेशी नियंत्रण के लिए दरवाजे खोलना नहीं बल्कि नेतृत्व की भूमिकाओं में वैश्विक भागीदारी का स्वागत करना है। मगर दूसरे अधिकारी ने कहा कि सरकार का मानना है कि इस अनुमति के बावजूद विदेशी बीमा कंपनियां ऐसे पदों को भरने के लिए अनिवासी भारतीय पेशेवरों पर अधिक निर्भर रहेंगी।

### ईरान-इजराइल तनाव से वैश्विक आपूर्ति पर असर

## तेल की कीमतों में तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई , भारत पर भी होगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान और इज़राइल के बीच चल रहे तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को झकझोर दिया है। बीते दिनों कच्चे तेल की कीमतों में एक ही दिन में बीते तीन वर्षों की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई। तेल की कीमतों में उछाल ने भारत समेत कई तेल आयातक देशों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस संघर्ष का वैश्विक आपूर्ति पर भी असर पड़ा है और भारत भी प्रभावित हो सकता है। अगर ईरान पर इजराइल और अमेरिका का दबाव बढ़ता है तो वह तेल की आपूर्ति रोक सकता है। खाड़ी क्षेत्र के अन्य उत्पादक देशों की तेल साइट्स भी ईरानी मिसाइलों की रेंज में हैं। इससे सप्लाई ठप हो सकती है और कीमतों में अप्रत्याशित तेजी आ सकती है, जिसका असर भारत पर भी होगा। ईरान वैश्विक क्रूड ऑयल आपूर्ति में लगभग 2 फीसदी का योगदान देता है। खरग द्वीप के ज़रिए ईरान का 90 फीसदी तेल निर्यात होता है लेकिन हालिया सैटेलाइट इमेज से शिपमेंट में गिरावट सामने आई है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य ‍ जहां से 20 फीसदी वैश्विक तेल आता-जाता है, अभी चालू है लेकिन खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट की स्थिति में दुनिया की उम्मीदें सऊदी अरब और यूएई पर टिकी होंगी। दोनों मिलकर 30-40 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन कर सकते हैं। सऊदी अरब पहले ही 12.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन उत्पादन कर रहा है और इसके पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल भंडार है।





इंगांकृ विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि मण्डपम में रमेन डेका ने सामूहिक योगाभ्यास किया



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में जिला स्तरीय योगाभ्यास का भव्य आयोजन



कवर्धा के पी.जी. कॉलेज डोम परिसर में उप मुख्यमंत्री विजय सामूहिक योगाभ्यास किया



रायगढ़ के स्टेडियम में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी योगाभ्यास में सहभागिता की

# भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे आसान उपाय है योग : राज्यपाल

**विजय मत, रायपुर**

योग हमें केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बनाता है। आजकल की भाग दौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का योग सबसे आसान उपाय है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर मे आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में उक्त बातें कहीं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि मण्डपम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री रमेन डेका ने सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया। इसके पश्चात् उन्होंने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

श्री डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की बहुत पुरानी और अनमोल परंपरा है। योग हमारी हजारों साल पुरानी जीवनशैली है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को जोड़ती है। आज करीब 180 देश के निवासी योग कर रहे हैं। इससे बड़ा भारत की संस्कृति का सम्मान और क्या हो सकता है। इस साल योग दिवस की थीम, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, का उद्देश्य योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना है। श्री डेका ने कहा कि यह अनेक अध्ययनों में साबित हो चुका है कि अगर हम 20-30 मिनट योग करते हैं, तो हमारे अन्दर एकाग्रता, आत्मविश्वास और मन की शांति बढ़ेगी। परीक्षा का तनाव हो या कैरियर की चिंता, योग इन सबका हल है। आज कई बीमारियाँ हमारी जीवनशैली के कारण बढ़ रही हैं, जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मोटापा, हृदय रोग और मानसिक तनाव आदि, नियमित योग से इन बीमारियों में लाभ होता है। एनसीसी, एनएसएस, खेल और अन्य गतिविधियों से जुड़े युवा, योग को अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल करें। इससे आपकी ऊर्जा, सही दिशा में लगेगी और आप एक जिम्मेदार नागरिक बन पाएंगे।

श्री डेका ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के हर जिले में गए हैं और अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि योग को जन जीवन का हिस्सा बनाने के लिए लोगों को जागरूक करें। स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत भवनों में भी नियमित योग सत्र हो। जहां बुजुर्ग, महिलाएं, युवा बच्चे सभी योगाभ्यास में शामिल हों। योग दिवस पर हम सब संकल्प लें कि रोज़ थोड़ी देर योग करेंगे, अपने परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।



छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा में सामूहिक योगाभ्यास किया

**सेन समाज भवन विस्तार हेतु 10 लाख एवं बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 10 लाख की घोषणा**

# सेन समाज की प्रतिभाओं ने अपनी उपलब्धियों से समाज को किया गौरवान्वित : सीएम साय

**विजय मत, रायपुर**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के कुनकुरी के महुआटोली में आयोजित सर्व नाई सेन समाज के महासम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए।मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाई समाज को मेहनती और स्वावलंबी समाज के रूप में जाना जाता है। सेन समाज के अनेक लोग आज शिक्षा, व्यापार, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के दम पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष 12वीं कक्षा के प्रदेश टॉपर अखिल सेन इसी समाज से हैं।

रायपुर में एआई डेटा सेंटर की स्थापना करने जा रहे इंदौर के उद्यमी भी सेन समाज से हैं। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न स्व. श्री कर्पूरी ठाकुर जी का स्मरण करते हुए कहा कि देश की उन्नति में सेन समाज का योगदान उल्लेखनीय रहा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जन्म से लेकर अंत्येष्टि तक कोई भी संस्कार सेन समाज के योगदान के बिना पूर्ण नहीं होता। समाज के विविध संस्कारों में इस समाज की भूमिका अत्यंत विशिष्ट है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की कुंजी है। जिस समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा होता है, वह समाज उतना ही सशक्त और प्रगतिशील बनता है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु निरंतर नीतिगत निर्णय ले रही है। राज्य में अब राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थाएँ स्थापित की जा रही हैं। नालंदा परिसर जैसे अत्याधुनिक पुस्तकालयों का निर्माण प्रदेशभर में किया जा रहा है, ताकि छात्र प्रतियोगी युग के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कुनकुरी स्थित सेन समाज के सामाजिक भवन के विस्तार हेतु 10 लाख और बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 10 लाख की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।छत्तीसगढ़ केश शिल्पी बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन ने इस अवसर पर कहा कि महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मसम्मान का मजबूत आधार बन रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने माताओं-बहनों में एक नया आत्मविश्वास जगाया है और शासन की जनहितैषी योजनाएँ प्रदेश में सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास का आधार बन रही हैं।

सदस्यों को संत शिरोमणि सेन सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, कृष्ण कुमार राय, भरत सिंह, सर्व सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश ठाकुर, राज श्रीवास सहित समाज के पदाधिकारीगण, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## 10 साल की अंविका ने एवरेस्ट पर की चढ़ाई

**रायपुर।** प्रदेश की बेटी ने एक बार छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा किया है। राजधानी रायपुर शहर की रहने वाली 10 वर्षीय अंविका अग्रवाल ने एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेक करने वाली सबसे कम उम्र छात्रा बन गई हैं। उन्होंने समुद्र तल से 17 हजार 600 फीट तक ट्रेकिंग कर बड़ी उपलब्धि हासिल है।

अनुपम नगर निवासी नीरज अग्रवाल की पुत्री पांचवीं की छात्रा अंविका ने अपने परिजनों के साथ विगत 30 मई से काठमांडू के लुंबा से एवरेस्ट के लिए ट्रेकिंग शुरू की। अंविका के पिता नीरज अग्रवाल ने बताया कि अंविका ने ट्रेकिंग से पहले दो महीने तक कड़ा अभ्यास किया। इसमें घर में रोजाना 2 हजार सीढ़ी चढना़, और पैदल चलना आदि था।

नीरज अग्रवाल ने बताया कि एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग के लिए दल में कुल 12 लोग थे इनमें से 8 दूसरे राज्यों के थे। ट्रेकिंग करना काफी कठिन था। आक्सीजन की कमी रहती थी। फिर 7 जून को एवरेस्ट 17600 फीट ऊंचाई पर बेस कैंप तक पहुंचने में सफल रहे।

उन्होंने बताया कि अंविका सबसे कम उम्र की लडक़ी है जिन्होंने ये उपलब्धि हासिल की है। उनका काठमांडू की संस्था हिमालियन सोशल जर्नी ट्रेकिंग संस्थान ने सम्मान किया है।

# CCPL सीजन-2 की संयुक्त विजेता टीमों का सम्मान, डॉ. रमन सिंह ने दी शुभकामनाएं

**विजय मत, राजनांदगांव**



छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक गौरवशाली क्षण रहा जब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (CCPL) सीजन-2 की संयुक्त विजेता टीमों - राजनांदगांव पैंथर्स और रायपुर राइनोस को राजनांदगांव में सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान अजय मंडल और रायपुर राइनोस के कप्तान अमनदीप खरे को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। CCPL जैसी प्रतियोगिताएं प्रदेश के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव, और CCPL आयोजन समिति के प्रमुख सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्सव जैसा रहा, जिसमें खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ ही क्रिकेट की लोकप्रियता को भी एक नई ऊंचाई मिली। डॉ. रमन सिंह ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं प्रदेश में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।



**विजय मत, रायपुर**

योग दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील आनंद शुक्ला ने योगाभ्यास किया।

# सरकारी समितियों में नहीं मिल रही खाद

**किसानों ने किया चक्काजाम, प्रशासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी**

**विजय मत, रायपुर**



किसान खरीफ सीजन की खेती में जुट गए हैं, लेकिन कबीरधाम जिले की सरकारी समितियों में खाद नहीं मिलने से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सहकारी समितियों में डीएपी-यूरिया खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने चक्काजाम कर दिया है. पूरा मामला पंडरिया का है.किसानों ने सहकारी समितियों में खाद का स्टाक होने के बावजूद डीएपी-यूरिया खाद नहीं देने का आरोप लगाया है. किसानों का कहना है कि दुकानों में मनमाने रेट पर डीएपी-यूरिया खाद बेची जा रही है. इस पर प्रशासन को लगाम लगानी चाहिए.

खाद नहीं देने से गुस्साए किसानों ने कृषि विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पंडरिया-कवर्धा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया है. बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्र के किसान खाद की किल्लत को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे. किसानों के प्रदर्शन से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई है. प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही कृषि विभाग के अधिकारी मौके के लिए रवाना हुए हैं.

**खास-खबर**

**चिलम बेचने वालों की अब खैर नहीं , शहर की अधिकतर पान दुकान में मिल रहा गोगो**

# पुलिस का एक्शन मोड ऑन, दुकानें होंगी सील

**विजय मत, रायपुर**

रायपुर में गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस पहले से कार्रवाई कर रही है, लेकिन अब गोगो-चिलम बेचने वालों को भी नहीं छोड़ रही है। पान दुकान और किराना दुकानों में चिलम-गोगो बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। चिलम, गोगो जैसी चीजों को जब्त किया जा रहा है। गोगो-चिलम बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ अपराध दर्ज किया जा रहा है। साथ ही पानठेलों को भी सीलबंद किया जा रहा है। इसके अलावा गांजा पीने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

खमतराई इलाके में किराने की दुकानों में गांजा पीने के लिए चिलम बेचा जा रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर छापा मारा। इसके बाद सभी चिलम को नष्ट कराया। इसके अलावा चिलम और गोगो बेचने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी। गोगो बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। दो दिन के भीतर 15 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है।

उरला के बजरंगचौक बीरगांव में राधे-कृष्ण डेली नीड्स में गोगो बिक रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। मौके से गोगो जब्त किया। इसके बाद दुकान को सील कर दिया। इसी तरह ग्राम बेंद्री में चाय-नाश्ते की दुकान में गांजा



बिक रहा था। पुलिस ने दुकान संचालक युवराज निषाद को पकड़ा। उसके कब्जे से 21 पुड़िया गांजा और शराब को जब्त किया।

गुढ़ियारी इलाके में पुलिस ने चार पान दुकानों में छापे मारे। बड़ी मात्रा में गोगो जब्त किया। कबीर पान पैलेस के संचालक भोलाराम साहू, लक्की पान पैलेस राजेश साहू, निषाद पान पैलेस के घनश्याम निषाद, श्रीपान पैलेस के संचालक पवन साहू के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इनके दुकानों को सील किया गया।

तेलीबांधा इलाके में पान ठेले में गोगो बेचने वाले उमेश कुमार वर्मा, मणिराज जायसवाल, मनजीत कुमार भारती के खिलाफ कार्रवाई की गई। समता कॉलोनी के कबीर पान भंडार को भी गोगो बेचने पर सील किया गया। शहर की लगभग हर पान दुकान में गोगो उपलब्ध है। चिलम की तरह ही गोगो कागज का एक पाइप है। इसे गांजा पीने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें गांजा भरकर पीते हैं। गोगो का इस्तेमाल कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा भी किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 ( * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997